दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 12 | अंक : 12 टोंक | बुधवार,14 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष नवमी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# मुख्यमंत्री शर्मा ने अतिवृष्टि और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया

## करौली, दौसा, भरतपुर जिलों में लिया हालात का जायजा

### आपदा राहत कार्यों में मुस्तैदी बरतने, प्रभावितों के लिए सभी जरूरी सामग्री सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को करौली, दौसा और भरतपुर जिलों में जलभराव व अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय पीजी महाविद्यालय करौली में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जलभराव वाले क्षेत्रों में आपदा राहत कार्य मुस्तैदी से किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने दौसा जिले में लवाण, राहुवास, निर्झरना, लालसोट, करौली जिले में करौली, सपोटरा, हिण्डौन सिटी और भरतपुर जिले में महरावर, समोगर, धुरैरी, महुआली, नहरौली, थाना डांग, चहल, सिंघाडा, सीदपुर, पुराबाई खेडा और नदी गांव का हवाई सर्वे कर अतिवृष्टि से हुए जल भराव और नुकसान का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव क्षेत्रों में प्रभावित लोगों को पेयजल, खाद्य सामग्री, दूध, चिकित्सा सुविधा सहित जरूरी चीजों की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अब तक किये गये आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए करौली एवं हिण्डौन शहर में जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिये भी अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और विद्युत आपूर्ति सुचारू किए जाने के भी निर्देश दिए।

### भरतपुर में आवासीय क्षेत्रों से जल निकासी की समुचित व्यवस्था के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर जिले में हवाई सर्वे के दौरान जलभराव क्षेत्रों के साथ-साथ गम्भीर नदी के तटीय क्षेत्रों का जायजा भी लिया। उन्होंने झील का बाड़ा हैलीपेड पर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर पानी निकासी एवं राहत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने गम्भीर नदी के तटीय क्षेत्रों में बसे नागरिकों को बहाव क्षेत्र से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए जलभराव से प्रभावित गांव में मूलभूत सुविधाओं को सुचारू रखते हुए निरंतर सम्पर्क में रहने के निर्देश दिए।

## शेख हसीना बोलीं- मुझे देशवासियों से इंसाफ चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को देश छोड़ने के बाद पहली बार बयान जारी किया। उन्होंने कहा, जिन बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में देश ने आजादी हासिल की थी, उनका अपमान किया गया है। उन्होंने (प्रदर्शनकारियों) मेरे पिता का अपमान किया है, मैं देश वासियों से न्याय की मांग करती हूं। शेख हसीना 5 अगस्त को देश छोड़ कर भारत आई थीं, तब वे यहां हैं। शेख हसीना का यह बयान बेटे सजीब वाजेद के हवाले से सामने आया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इससे पहले भी हसीना के बयान के लेकर एक दावा किया गया था। इस दावे के मुताबिक हसीना ने कहा था कि अमेरिका को सेंट मार्टिन आइलैंड न देने की वजह से उनकी सरकार गिराई गई है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, हसीना ने अपने करीबी सहयोगियों से कहा, मैं कट्टरपंथियों की हिंसा में मरने वालों की संख्या को बढ़ने नहीं देना चाहती थी। वे छात्रों के शवों के जरिए सत्ता हासिल करना चाहते थे। लेकिन मैंने पद छोड़कर ऐसा नहीं होने दिया।

### प्रदर्शन में मारे गए लोगों को हसीना ने दी श्रद्धांजलि

हसीना ने बयान में कहा कि पिछले जुलाई से अब तक, आंदोलन के नाम पर बर्बरता, आगजनी और हिंसा में कई नई जिंदगियाँ खो चुकी हैं। छात्रों, शिक्षकों, पुलिसकर्मियों, यहाँ तक कि महिला पुलिसकर्मियों, पत्रकारों, सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं, कामकाजी लोगों, अवामी लीग और सम्बद्ध संगठनों के नेताओं, कार्यकर्ताओं, राहगीरों और विभिन्न संस्थानों के श्रमिकों की आतंकवादी हमले में मौत हो गई। मैं उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूँ और उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ।

### मुख्यमंत्री ने ली जयपुर के लिए आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक

## भारी बारिश से उत्पन्न हुई स्थिति के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी करें मौका-मुआयना : सीएम

**जयपुर (बढ़ता राजस्थान)।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को गत कुछ दिनों में जयपुर में हुई भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री निवास पर उच्चाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारी बारिश से जयपुर शहर की साफ-सफाई, ड्रेनेज, सीवरेज, क्षतिग्रस्त सड़कों सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जयपुर शहर का दौरा करें तथा मुख्यमंत्री कार्यालय में इसकी प्रगति रिपोर्ट भिजवायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रभावित इलाकों में लोगों को तत्काल राहत पहुंचाई जाये तथा बचाव एवं राहत कार्यों में संवेदनशीलता के साथ काम करें। श्री शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी नालों एवं ड्रेनेज सिस्टम की नियमित सफाई की जाए ताकि बारिश के समय उनमें अवरोध ना उत्पन्न हो। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कहीं पर भी जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न ना हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों पर हो रहे अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाए।



## सुप्रीम कोर्ट बोला- बेल न देना मौलिक अधिकार का उल्लंघन

### कहा- जमानत नियम, जेल अपवाद; यह यूएपीए जैसे केस में भी लागू होती है

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि जमानत नियम है और जेल अपवाद, यह कानूनी सिद्धांत यूएपीए जैसे स्पेशल केस में भी लागू होता है। जिन मामलों में जमानत मिलनी चाहिए, अगर अदालतें उनमें बेल से मना करने लगेंगी तो यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज की बेंच ने कहा, प्रॉसीक्यूशन के आरोप गंभीर हो सकते हैं, लेकिन यह अदालत का कर्तव्य है कि वो कानून को ध्यान में रखते हुए जमानत पर विचार करे। अदालत ने यह कमेंट करते हुए आरोपी जलालुद्दीन खान को जमानत दी। जलालुद्दीन पर अपने मकान की ऊपरी मंजिल पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के मेंबर्स को किराए पर देने का आरोप था। उसके खिलाफ यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया था।

### पीएफएल-एसआईएमआई से जुड़े केस में दिया फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने जलालुद्दीन खान नाम के एक शख्स की जमानत याचिका पर सुनवाई की। इस शख्स ने पटना हाई कोर्ट के एक फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जलालुद्दीन पर आरोप थे कि वह पीएम मोदी के बिहार दौरे के दौरान उनके काफिले में बवाल करना चाहता था। वह गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त था और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया जैसे प्रतिबंधित संगठन से जुड़ा था।

## किरोड़ीलाल ने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर कैबिनेट मिनिस्टर लिखकर हटाया

### बाढ़ग्रस्त इलाकों के दौरे में बोले

### मैं आपदा राहत मंत्री, हालांकि मैंने इस्तीफा दे दिया है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान सरकार की कैबिनेट से इस्तीफा दे चुके किरोड़ीलाल मीणा सोशल मीडिया प्रोफाइल में कैबिनेट मिनिस्टर लिखकर एक बार फिर मंत्री पद संभालने के संकेत दिए थे, लेकिन कुछ ही घंटों में इसे हटा लिया। दरअसल, मीणा ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया बायो (एक्स) पर एक बार फिर खुद को कैबिनेट मिनिस्टर बताया था। करीब डेढ़ घंटे बाद उन्होंने प्रोफाइल से वापस कैबिनेट मिनिस्टर हटा लिया। अब प्रोफाइल पर केवल सवाई माधोपुर लिखा हुआ है। इस बीच, मंगलवार को करौली में लोगों को राहत का आश्वासन देते हुए किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि मैं आपदा राहत मंत्री हूं, हालांकि मैंने इस्तीफा दे दिया है। फिर भी आप लोगों के लिए पूरी कोशिश करूंगा। पिछले दो दिनों से किरोड़ी लगातार प्रदेश में आपदा प्रबंधन की स्थिति का जायजा ले रहे थे। रविवार को किरोड़ी ने आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों से प्रदेश की स्थिति के बारे में बात की थी।




### आपदा राहत कोष से मृतकों को दिया मुआवजा

किरोड़ीलाल मीणा मंगलवार को भरतपुर के बयाना पहुंचे। उन्होंने यहां दो दिन पहले हुई 7 युवकों की मौत पर संवेदना व्यक्त की और पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख के चेक दिए। यह चेक आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से दिए गए हैं। डॉ मीणा के पास बतौर मंत्री कृषि के साथ आपदा-प्रबंधन विभाग का भी कार्यभार है। इसलिए माना जा रहा है कि वे जल्द ही मंत्री पद से इस्तीफा वापस ले सकते हैं।


### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- किरोड़ी मंत्री हैं

इधर, मंगलवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से जब पत्रकारों ने पूछा कि किरोड़ीलाल मीणा मंत्री हैं या नहीं तो उन्होंने कहा कि वे मंत्री हैं।

## विनेश के सिल्वर मेडल पर फैसला फिर टला

### सीएएस ने 16 अगस्त की तारीख दी; 100 ग्राम ओवरवेट के कारण पेरिस ओलिंपिक से अयोग्य हुई थीं

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट के सिल्वर मेडल पर फैसला एक बार फिर टाल दिया गया है। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स ने मंगलवार, 13 अगस्त को नई तारीख दी। कहा- फैसला अब 16 अगस्त को रात 9:30 बजे सुनाया जाएगा। इससे पहले 10 अगस्त को CAS ने फैसला टाल दिया था। कोर्ट ने 9 अगस्त को 3 घंटे तक इस मामले की सुनवाई की थी। इस दौरान विनेश भी वर्चुअली मौजूद रहीं। भारतीय ओलिंपिक संघ की ओर से सीनियर वकील हरीश साल्वे ने विनेश का पक्ष रखा। फाइनल मैच से पहले विनेश को 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के चलते अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जबकि शुरुआती दौर से पहले किए गए वजन में विनेश 50 kg वेट कैटेगरी की तय सीमा से कम थीं। ऐसे में विनेश ने जॉइंट सिल्वर मेडल की मांग की है। इस मामले पर कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स ने कहा, हम विनेश के केस में प्रक्रियाएं तेजी से कर रहे हैं, लेकिन उनकी अपील पर एक घंटे में फैसला देना संभव नहीं है। इस मामले में पहले यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग का पक्ष सुना जाना जरूरी है। फैसला डॉक्टर एनाबेल बेनेट को करना है।

## खड़गे ने प्रदेश प्रभारियों और अध्यक्षों के साथ बैठक की

### राहुल और जयराम शामिल हुए; पार्टी अग्निवीर और एमएसपी पर देशभर में आंदोलन करेगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को सभी महासचिवों, राज्य इकाई प्रमुखों और पार्टी के राज्य प्रभारियों के साथ बैठक की। विपक्ष के नेता राहुल गांधी, महासचिव जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल इस बैठक में शामिल हुए। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के अलावा जम्मू-कश्मीर में इसी साल विधानसभा चुनााव होने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग, टिकट बंटवारा समेत कैंपेन को लेकर चर्चा की गई। खड़गे ने बैठक के बाद बताया कि पार्टी बेरोजगारी, अग्निवीर, अनियंत्रित मुद्रास्फीति, किसान और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। इसके लिए देशभर में कैंपेन शुरू किया जाएगा।

### अडाणी और सेबी मुद्दे पर जेपीसी जांच की मांग की

खड़गे ने कहा कि सेबी और अडानी के बीच सांठगांठ के चौंकाने वाले खुलासे की जांच की जरूरत है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा- शेयर बाजार में छोटे निवेशकों के पैसे को खतरे में नहीं डाला जा सकता। मोदी सरकार को तुरंत सेबी अध्यक्ष का इस्तीफा मांगना चाहिए और जांच के लिए जेपीसी का गठन करना चाहिए।



**जाति जनगणना लोगों की मांग, अग्निपथ योजना खत्म हो-** उन्होंने दावा किया कि मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में संविधान पर हमला जारी है। जाति जनगणना लोगों की मांग है। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी की मांग के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना को खत्म किया जाना चाहिए।

**रेलवे सुरक्षा पर बोले- ट्रेन का पटरी से उतरना आम बात हुई-** उन्होंने कहा- बेरोजगारी और अनियंत्रित मुद्रास्फीति और घरेलू बचत में कमी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर हमारी नजर है। गरीब और मध्यम वर्ग के साथ विश्वासघात किया गया है। उन्होंने रेलवे सुरक्षा के मुद्दे पर कहा- ट्रेन का पटरी से उतरना आम बात हो गई है। जलवायु संबंधी आपदाएं और ढहता बुनियादी ढांचा भी चिंता का विषय है।

**4 राज्यों की स्क्रिनिंग कमेटी की घोषणा-** इस महीने की शुरुआत में पार्टी ने चार चुनावी राज्यों के लिए स्क्रिनिंग कमेटी के अध्यक्षों की घोषणा की थी। ये कमेटी राज्यों में उम्मीदवारों पर फैसला लेगी। अजय माकन को हरियाणा, गिरीश चोडानकर को झारखंड, मधुसूदन मिस्त्री को महाराष्ट्र और सुखजिंदर सिंह रंधावा को जम्मू-कश्मीर की जिम्मेदारी दी गई है।

## बांग्लादेश-हिंसा के विरोध में आज दोपहर तक बंद रहेंगे बाजार:

### सर्व हिंदू समाज का रामलीला मैदान में जन आक्रोश प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बुधवार को सर्व हिंदू समाज की ओर से जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी। सुबह 11 बजे न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में जन आक्रोश प्रदर्शन होगा। इसके बाद रामलीला मैदान से सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता होते जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी जो वापस न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान पहुंच कर संपन्न होगी। इस लेकर निर्णय मंगलवार को राजपूत सभा भवन में सर्व हिंदू समाज की बैठक में लिया गया।

साधु-संतों के साथ बैठक में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बात रखते हुए जन आक्रोश रैली को हाथ उठाकर सफल बनाने का संकल्प लिया। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा।

### दोपहर तक बंद रहेंगे बाजार

बांग्लादेश में नरसंहार के विरोध में दोपहर 12 बजे तक व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे जाएंगे। जयपुर व्यापार महासंघ ने बंद का निर्णय लिया है। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेश सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बज, संरक्षक वीरू राणा, प्रमुख सलाहकार राजेन्द्र गुप्ता, हुकुमचंद, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता ने संयुक्त रूप से सभी व्यापार मंडल के अध्यक्ष और महामंत्री से अनुरोध किया है कि वे बाजार बंद का पूर्ण रूप से सहयोग कर औरे जन आक्रोश रैली में शामिल हों।

## सम्पादकीय

### भारती एंटरप्राइजेज को ब्रिटेन की बीटी ग्रुप के साथ सौदे से होगा लाभ

भारती एंटरप्राइजेज की अंतरराष्ट्रीय निवेश इकाई ने ब्रिटेन की दूरसंचार कंपनी बीटी ग्रुप में 24.5 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की है। भारती एंटरप्राइजेज 'एयरटेल' ब्रांड नाम से दूरसंचार सेवाओं का संचालन करती है। कंपनी यह हिस्सेदारी दूरसंचार निवेश कारोबार से जुड़ी इकाई एल्टिस से खरीद रही है। एल्टिस पर भारी भरकम कर्ज है और उसे चुकाने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। एल्टिस ने तीन वर्ष पहले बीटी समूह में निवेश किया था मगर तब से इसके शेयरों का भाव एक तिहाई कम हो गया है। हिस्सेदारी खरीदने संबंधी इस घोषणा के समय बीटी ग्रुप का मूल्यांकन 17 अरब डॉलर आंका गया था और कुछ ही घंटों में इसमें 7 प्रतिशत इजाफा हो गया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि भारती एयरटेल एल्टिस के शेयरों के लिए कितना भुगतान करेगी और यह भी मालूम नहीं है कि इस सौदे के लिए रकम का बंदोबस्त कहां से या किस तरह होगा। भारती एंटरप्राइजेज, खासकर इसकी भारतीय इकाई पूर्व में भारी कर्ज से जूझ चुकी है। महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह है कि भारती ग्लोबल बीटी में क्यों दिलचस्पी ले रही है? किसी समय बीटी का बड़ा रसूख हुआ करता था और वह एक ऐसे देश की सरकारी कंपनी रह चुकी है जिसकी अर्थव्यवस्था पिछले कई वर्षों से थम गई है या फिसल रही है। कंपनी की तरफ से जारी बयान से भी काफी कम जानकारियां सामने आई हैं। कंपनी ने इस बात से इनकार किया है कि भारती उस पर पूर्ण नियंत्रण कर लेगी। कंपनी ने इससे भी इनकार कर दिया कि वह निदेशक मंडल में जगह चाह रही है। बीटी और भारती एयरटेल के रिश्ते पुराने हैं। बीटी ने भारती एयरटेल में दो दशकों पहले निवेश किया था। भारती बीटी में 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी तत्काल खरीद लेगी और शेष 14.51 प्रतिशत हिस्से का अधिग्रहण आवश्यक नियामकीय मंजूरी हासिल करने के बाद होगा। हालांकि, सूक्ष्मता से अध्ययन करने पर पता चलता है कि इस सौदे के पीछे कुछ वाजिब कारण हैं। पहला कारण तो यह है कि कुछ दिनों पहले ब्रिटेन में सत्ता परिवर्तन के बाद एक ऐसी सरकार आई है, जिसका औद्योगिक नीति एवं सार्वजनिक-निजी भागीदारी को लेकर दृष्टिकोण पिछली सरकार से भिन्न है। भविष्य में सरकारी संरक्षण एवं सार्वजनिक निवेश से लाभ के कई अवसर मिल सकते हैं। बीटी को केवल एक मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी के रूप में देखना उचित नहीं होगा।

बीटी का ओपनरीच पर भी नियंत्रण है, जो ब्रिटेन में ब्रॉडबैंड नेटवर्क का निर्माण करती है। ब्रिटेन में फाइबर बिछाने का काम सुस्त जरूर रहा है, मगर आने वाले वर्षों में इसमें तेजी आने की उम्मीद है क्योंकि नई लेबर पार्टी की सरकार नीतिगत स्तर पर सुधार को अपनी प्राथमिकता मान रही है। इसका उद्देश्य ढांचागत तंत्र का विकास तेजी से आगे बढ़ाना है। फाइबर बिछाने का कार्य तेज होने से ओपनरीच को काफी लाभ पहुंचेगा और इससे बीटी एक फाइबर कंपनी बन जाएगी। इसे ब्रॉडबैंड कारोबार से स्थिर राजस्व भी प्राप्त होने लगेगा। ब्रिटेन में भारती एयरटेल ऐसे समय में कदम रख रही है जब ब्रिटेन में 5जी सेवा की गुणवत्ता एक राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया है।

# आजादी के जश्न से विकसित भारत की शुरुआत

**स्वतंत्रता दिवस का एक दुर्लभ अवसर है जो इस बात विश्लेषण करता है कि हम कहां से कहां तक पहुंच गए। अंतरिक्ष हो या समंदर, धरती हो या आकाश, देश हो या दुनिया आज हर जगह भारत का परचम फहरा रहा है, भारत ने जितनी प्रगति की है उसे देखकर हर देशवासी को भारतीय होने का गर्व हो रहा है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं है, इसकी चर्चा करना राजनीतिक नहीं, भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक समृद्धि का बखान है। केवल अपना उपकार ही नहीं परोपकार भी करना है। अपने लिए नहीं दूसरों के लिए भी जीना है। यह हमारा दायित्व भी है और ऋण भी, जो हमें अपने समाज और अपनी मातृभूमि को चुकाना है।**

ललित गर्ग



भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस आजादी अमृतकाल के कालखंड के सन्दर्भ में एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति देने एवं नये संकल्प बुनने का अवसर है। यह एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना का स्मरण करने से कहीं ज्यादा है, यह भारत की चिरस्थायी भावना, समृद्ध विरासत और इसकी विविध आबादी को जोड़ने वाली एकता का जश्न है। यह स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों का सम्मान करने, पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई प्रगति का जश्न मनाने और निरंतर विकास और समृद्धि से भरे भविष्य की आशा करने का दिन है। 'विकसित भारत' की थीम के साथ इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की तीसरी आर्थिक महाताकत बनाने का आह्वान होगा। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। कोई भी विकसित होता हुआ देश किन्हीं समस्याओं पर थमता नहीं है। समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना ही जीवंत एवं विकसित देश की पहचान होती है। भारत तो अतीत से विश्व को परिवार मानता रहा है, तभी उसने वसुधैव कुटुंबकम् का मंत्र उद्घोष किया। मोदी ने अतीत की उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए विश्व को अपना परिवार मानने की भावना का परिचय बार-बार दिया है। हम भारत के लोग विश्व मंगल की कामना की पूर्ति तभी अच्छे से कर सकते हैं जब पहले राष्ट्र मंगल की भावना से ओतप्रोत हों। इसके लिये जो अतीत के उत्तराधिकारी और भविष्य के उत्तरदायी है, उनको दृढ़ मनोबल और नेतृत्व का परिचय देना होगा, पद, पार्टी, पक्ष, प्रतिष्ठा एवं पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर राष्ट्रीयता को जीना होगा। यही भावना सबल, सक्षम और समरस राष्ट्र बनाएगी और विश्व में भारत का मान बढ़ाएगी, इसी से भारत विश्वगुरु बनेगा।

अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणओं वाले प्रधानमंत्री ने जमीन से जुड़ी प्रतिभाओं को पद्म सम्मान देकर भी भारत के जन-जन को उचित सम्मान देने की परम्परा का सूत्रपात किया है। आज जबकि भारत अपने पडोसी राष्ट्रों की अस्थिर, अराजक एवं हिंसक घटनाओं से घिरा है, जब प्रधानमंत्री ने यह भरोसा दिलाया कि अनेक चुनौतियों के बावजूद भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, सुरक्षित और विकसित राष्ट्र का सपना साकार करने को तत्पर है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र को साकार करते हुए मोदी देश की तकदीर एवं तस्वीर बदलने में जुटे हैं। इससे यह तो साफ हो गया कि वे इन बुराइयों से निपटने और उनके खिलाफ जनमत का निर्माण करने के लिए अपने तीसरे कार्यकाल में संकल्प ले चुके हैं। उन्होंने राजनीति ही नहीं बल्कि जन-जन में व्याप्त होते भाई-भतीजावाद एवं परिवारवाद जैसी अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं को देश के लिये गंभीर खतरा बताया। इस बार मोदी ने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को रेखांकित किया, जिसे लेकर विपक्ष की भृकुटि कुछ तन गई है। उनके राष्ट्र-संकल्पों में ऐसी किरणे हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है। आधारभूत ढांचों का विकास किसी देश की क्षमता का स्पष्ट प्रमाण है। स्वतंत्रता के बाद से अब तक भारत ने आधारभूत ढांचों के विकास की कहानी भारत की कुशल नीतियों को बयां करती है। भारत बुनियादी ढांचों के विकास में अब वैश्विक स्तर छू रहा है। भारत दुनिया में बिजली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। बिजली की औसत उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों में 20.5 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 23.5 घंटे तक पहुंच गई है। ट्रांसयूनियन सीआईबीआईएल की एक रिपोर्ट के अनुसार 2025 तक इंटरनेट के कुल नये यूजर में लगभग 56 फीसदी ग्रामीण भारत से होंगे। जनधन खाता सरकारी योजना के लाभार्थियों के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण का एक प्रमुख उपकरण बन गया है। आजादी के पहले पर्यटन जहां तीर्थाटन और देशाटन तक सीमित था, आजादी के बाद व्यवस्थित उद्योग के रूप में विकसित होना शुरू हुआ। आज स्थिति यह है कि पर्यटन के मानचित्र में भारत एक प्रमुख देश के तौर पर दर्ज है।

लगातार हुए सरकारी प्रयासों के फलस्वरूप यह उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था का बड़ा संबल भी बना है। हालांकि अभी ऊंचाइयां छूना बाकी है, पर प्रगति की तेजी उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री देश में आतंकवादी वारदातें कम करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने के संकल्पों के साथ आगे बढ़ते हुए गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च कर रहे हैं और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। देशवासियों को ?इस बात का अहसास होने लगा है कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है। मोदी देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान करते हुए राष्ट्र को सबल एवं सक्षम बना रहे हैं। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा चुका है। हमें जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। वाकई देश में सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा। प्रधानमंत्री ने उचित ही कहा है कि यदि सरकार का कर्तव्य है- हर समय बिजली देना, तो नागरिक का कर्तव्य है- कम से कम बिजली खर्च करना। अगर हमने इन संकल्पों को गंभीरता से लिया, तो भारत को विश्वगुरु होने से कोई नहीं रोक सकेगा।

एक बार फिर प्रधानमंत्री ने राजनीति से परे जाकर देश को जोड़ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का सन्देश देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की थीम 'विकसित भारत' है। यह थीम 2024 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के सरकार के दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह थीम बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्योग, विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करती है। इसकी संपूर्ण झलक हमें कालजयी नेतृत्व मोदी की कार्य-योजना एवं नीतियों मिलती है जो 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने का रोडमैप है। जब मोदी का रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म अब देश की कार्यसंस्कृति का हिस्सा बन गए हैं। इनके चलते नीतिगत स्थिरता, बेहतर समन्वय और ईज आफ डूइंग बिजनेस की स्थिति बनेगी। यह विषय आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है तथा एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करता है जहां प्रत्येक नागरिक उन्नति कर सके। यह एक समृद्ध, समावेशी और लचीले भारत के निर्माण की सामूहिक आकांक्षा को दर्शाता है, जो आधुनिक प्रगति को अपनाते हुए अपनी समृद्ध विरासत का जश्न मनाएगा। इससे भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित होगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष**
हर काम में यश प्राप्त होने का योग बन रहा है। हालांकि खर्च की मात्रा अधिक रहने की आशंका है। आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। अपनी रचनात्मकता से सभी को प्रभावित कर सकते हैं।

**मिथुन**
किसी धार्मिक स्थल या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें।

**कर्क**
आज कार्यभार की अधिकता के कारण शिथिलता रहेगी। योग, ध्यान और आध्यात्मिकता का सहारा लेकर मन की शांति पर ध्यान दें। आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेग। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। व्यवहार को भी संयमित रखें।

**सिंह**
आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की सलाह दी जाती है। अत्यधिक क्रोध के कारण आपके काम और संबंधों के बिगड़ने की आशंका है। मानसिक रूप से व्यग्रता और बेचैनी के कारण किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा।

**कन्या**
मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आपको धार्मिक प्रवास से मानसिक खुशी मिलेगी। संबंधों में हो रही भावना आपके मन को द्रवित कर देगी। परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें। अन्य लोगों के साथ अनबन हो सकती है।

**तुला**
मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटन स्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का स्वाद ले सकेंगे। आज आपको वाहन सुख भी मिलेगा। आपके मान-सम्मान और लोकप्रियता में वृद्धि होने के संकेत हैं।

**वृश्चिक**
आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन ग्लानि से भरा रहेगा। विद्यार्थियों को विद्याप्राप्ति में अवरोध उत्पन्न हो सकता है।

**धनु**
माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के कामों में सावधानी बरतें। आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी।

**मकर**
विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी, जिससे मन बेहद खुश रहेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहने की उम्मीद है। मानसिक एकाग्रता के लिए अपने गुस्से पर संयम रखें।

**कुंभ**
आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है, जिससे मन विचलित रहेगा।

**मीन**
व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहने की संभावना है। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। आज के दिन मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। आपको विरोधियों पर विजय मिलेगी। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## शख्सियत

**हमारा कर्मक्षेत्र ही हमारी शख्सियत को बनाता है, कार्य के प्रति जज्बा,जोश और उमंग हमें कामयाबी दिलाता है हर कार्य को यदि हम चुनौति के रूप में स्वीकार करें तो कामयाबी मिलना लगभग तय है........**

नमस्कार साथियों आज हमारे शख्सियत कॉलम के सुपर डुपर स्टार है दबंग,जांबाज और ऊर्जा से लबरेज भारतीय पुलिस सेवा के शानदार अधिकारी कावेन्द्र सिंह सागर कावेंद्र सिंह सागर का जन्म 15 अगस्त सन 1990 को उत्तर प्रदेश में हुआ। इन्होंने बीए ऑनर्स और एमआईबी से शिक्षा पूर्ण कर सिविल सर्विसेज में अपना भाग्य आजमाया।

जहां सन 2016 में इन्हें एसयूपीसीएनपीए हैदराबाद में प्रशिक्षणधीन रखा गया। सरकार ने इन्हें 2017 में सहायक पुलिस अधीक्षक अलवर लगाया जहां इन्होंने प्रोबेश्नल पीरियड में रहते हुए अनेक बड़े मामले का खुलासा कर अपराधियों को उनके सही ठिकाने पर पहुंचाया। इसके बाद यह सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर जयपुर लगे। फिर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय पुलिस आयुक्तालय जयपुर लगे पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर सरकार ने लगाया इसके बाद पुलिस अधीक्षक बांसवाड़ा, पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण और फिलहाल यह पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर (पूर्व )कमिश्नरेट में अपनी सेवाएं दे रहे हैं । बेहद जांबाज और अपराधियों को उनको सही ठिकाने पर पहुंचने वाले शानदार आईपीएस के रूप में कावेंद्र सिंह सागर को जाना जाता है। इन्होंने कोरोना कल में बांसवाड़ा में बहुत बेहतरीन तरीके से पुलिसिंग करते हुए संक्रमित लोगों को उपचार दिलाया वहीं लोगों में जो कोरोना को संक्रमण को लेकर भय का माहौल बना हुआ था वही लोगों को जागरुक कर इस भय से मुक्त कराया। जब यह पुलिस उपयुक्त जयपुर शहर (पश्चिमी)थे तब इन्होंने शहर में संगठित अपराध और गैंगवार को लेकर खुलेआम घूम रहे बदमाशों पर नकेल कसते हुए उनके सही ठिकाने पर उनको पहुंचाया। कोटा ग्रामीण में भी इनका कार्यकाल बहुत बेहतरीन रहा कोचिंग सेंटर्स के छात्रों में अपने देश के प्रति जज्बा और अपने भविष्य के प्रति जागरूकता और उनके दायित्वों के विषय में उन्हें समय-समय पर सेमिनार के माध्यम से अवेयर कर छात्र तनाव से हो रहे आत्महत्या जैसी गतिविधियों पर



कावेन्द्र सिंह सागर
आईपीएस-एसपी जयपुर शहर ( पूर्व )

लगाम लगाने का कार्य किया। फिलहाल कावेन्द्र सिंह पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर( पूर्व)के पद को सुशोभित कर रहे हैं और जयपुर में उनके लगने से अपराधियों में खासा भय है। आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय के स्लोगन को कावेंद्र सिंह सागर पूरी तरह चरितार्थ कर रहे हैं। बेहतरीन कार्यशैली के रूप में इन्हें जाना जाता है जहां भी रहते हैं जहां अपने सबोर्डिनेट को पूरा सहयोग करते हैं हसमुख मिजाज और दिलचस्प अंदाज उनके व्यक्तित्व में और निखार लाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिंद**

## आज का इतिहास

### 14 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ


- जर्मनी के कोलोन कैथेड्रल का आग में नष्ट हो जाने के बाद 1248 में पुनर्निर्माण शुरू हुआ।
- अमेरिका और ट्यूनिस के बीच 1805 में एक शांति संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
- अमेरिका के ओरेगन क्षेत्र की स्थापना 1848 में हुई।
- बंबई उच्च न्यायालय की स्थापना 1862 में की गयी।
- बिजली के मीटर का पेटेंट ओलिवर बी शैलेनबर्गर को 1888 में दिया गया।
- इंग्लैंड के फोकेस्टोन में पहली सौंदर्य प्रतियोगिता 1908 में आयोजित की गयी।
- चीन ने 1917 में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी और ऑस्ट्रिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- बेल्जियम के एंटवर्प में 1920 को ओलंपिक खेलों की शुरूआत हुयी।
- अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने 1935 में सामाजिक सुरक्षा अधिनियम पर हस्ताक्षर कि।
- बर्लिन में 1936 को पहला ओलम्पिक बास्केटबॉल खेल हुआ।
- बीबीसी की पहली फीचर फिल्म (स्टूडेंट ऑफ प्राग) टेलीविजन पर 1938 में प्रसारित हुई।
- पोलैंड पर नाजी जर्मनी के आक्रमण के साथ ही आरंभ होने वाला यह विश्व युद्ध जापान में 1939 को समाप्त हो गया।
- ब्रितानी प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल और अमरीकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूज़वेल्ट के बीच 1941 में कई दिनों तक चलने वाली एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई।
- दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापान, घटक देशों के सामने हथियार डालने पर 1945 को विवश हुआ।
- पाकिस्तान का स्वाधिनता दिवस। सत्ता का हस्तांतरण ठीक मध्यरात्री को हुआ था पर पाकिस्तान अपना कौमी दिवस 14 अगस्त को मनाता है जबकी भारत अपना स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 1947 को मनाता है।
- मुहम्मद अली जिन्ना 1945 में पाकिस्तान के पहले गवर्नर जनरल बने।
- भारत का विभाजन 1947 को हुआ और पाकिस्तान पृथक् राष्ट्र बना।
- मोरारजी देसाई 1968 को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित किए गए।
- बहरीन को 1971 में 110 वर्ष के बाद ब्रिटिश शासन से आजादी मिली।
- पाकिस्तानी सेना ने 1975 में राष्ट्रपति मुजीब उर-रहमान का तख्तापलट किया।
- आज ही के दिन लेख वलेंसा के नेतृत्व में ग्दांस्क शिपयार्ड में मजदूरों ने 1980 में हड़ताल की। कम्युनिस्ट प्रभाव से पोलैंड की मुक्ति में आज का दिन अहम है।

## विशेष आलेख

# सत्य की शक्ति मानव को असीमित शक्ति अतुल्य बल प्रदान करती है

संजीव ठाकुर

यह बात स्वामी विवेकानंद जी ने कही है। यह सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का सांच को आंच नहीं जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित सत्यमेव जयते आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है। यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे। आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी



सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब ,धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्रोत माना जाता है। निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊर्जावान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है। धन तथा बाहुबल के महत्व के अनेक उदाहरण राजनीतिक स्तर पर प्रतिदिन हमारे सामने आने लगे हैं। राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद-फरोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चैनल न्यूज़ प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। आज धन व सत्ता का अनुचित प्रयोग सत्य का दमन तथा उसे नकारने की शक्ति बन चुका है। कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सर्वे के अनुसार उसके सूचकांक में भारत का निम्न स्थान धन के बल पर सत्ता प्रतिष्ठानों को प्रभावित करने बढ़ती घूसखोरी, सरकारी गैर सरकारी, कारपोरेट जगत के बढ़ते नैतिक पतन को उजागर करता है। विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका सभी स्तरों पर सत्य के मूल्य के दमन की घटनाओं से आज अखबार अटा पड़ा है। आज की स्थिति में निचले स्तर से उच्च स्तर की अदालतों तक न्याय पाने के लिए महंगे वकील करने के लिए धन की अत्यंत आवश्यकता होती है, न्याय भी अब धन पर आधारित हो गया है। न्याय पाना अब गरीबों का हक नहीं रह गया है,यह केवल अमीर लोगों की मुट्ठी में बंद होकर रह गया है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिखने वाली बराबरी अनेक बार सत्य को दबाकर दादागिरी के बल पर अमीर देशों की जिद की भेंट चढ़ जाती है। अमीर देशों की धन के दम पर दादागिरी कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों में दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन पर होने वाले वैश्विक सम्मेलन इसीलिए भी असफल होते दिखाई दिए हैं। क्योंकि अमीर देश कार्बन उत्सर्जन की मात्रा की जिम्मेदारी ज्यादा जनसंख्या वाले विकासशील देशों के सिर पर डाल देते हैं। सत्य की मनमानी व्याख्या आधुनिक युग की सच्चाई है सत्य का दमन इस स्तर पर पहुंच चुका है कि व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्तर पर दिन में कितनी बार धनबल के दबाव में अपने अंत :करण से समझौता कर अपनी सहज प्रवृत्ति का दमन करने से नहीं चूकता है।



हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिलेभर में हुए आयोजन

# नारे गूंजे गली-गली, उत्साह से निकली तिरंगा रैली

## रंगों के माध्यम से जताया देश प्रेम, शहीदों को किया याद

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** स्वाधीनता दिवस के अवसर एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। जिला मुख्यालय पर सुबह 11 बजे कलक्ट्रेट से शहीद स्मारक से बहीर रोड़ तक तिरंगा रैली निकाली गई। साथ ही, शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर टोंक जिले के शहीदों को श्रद्धाजंलि दी गई। अभियान के तहत तिरंगा रन एवं मैराथन, तिरंगा कैनवास, तिरंगा सेल्फी, शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम हुए।

**रैली में लहराया तिरंगा :** कलेक्ट्रेट परिसर से पवेलियन ग्राउंड शहीद स्मारक टोंक तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली को सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया, उपखंड अधिकारी राहुल सैनी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटूलाल बैरवा, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर, विकास अधिकारी सविता राठौड़ समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में विभिन्न महाविद्यालयों एवं स्कूलों के छात्र-छात्राएं, स्काउड-गाइड, नर्सिंग छात्राएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**एकता के सूत्र में पिरोने का पर्व :** इस अवसर पर सीईओ ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होती है। यह समस्त देशवासियों को एकता के सूत्र में पिरोने का पर्व है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में हर वर्ग, हर श्रेणी के व्यक्ति का योगदान जरूरी है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को हर संभव प्रयास करने हैं। उन्होंने प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने की अपील भी की। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी ने रैली में उपस्थित विभिन्न महाविद्यालयों एवं स्कूलों के छात्र-छात्राएं, स्काउड गाइड, नर्सिंग छात्राएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को तिरंगा प्रतिज्ञा भी दिलवाई। इसके साथ ही तिरंगा कैनवास पर हर घर तिरंगा का संदेश देते हुए हस्ताक्षर कर राष्ट्र भक्ति का संदेश दिया। तिरंगा रैली में पीआरओ अपूर्व शर्मा, जनसम्पर्क कर्मी रिजवान अनीस, राजूलाल शर्मा, सीडीपीओ संगीता दीपक, महिला पर्यवेक्षक शगुफ्ता खान, कवि प्रदीप पंवार, स्काउट गाइड के सीओ गिरिराज गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिला भाजपा की पैदल तिरंगा यात्रा में नजर आया उत्साह

## लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( कासं )।** जिला भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान की मंगलवार को शुरुआत हो गई। जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता के नेतृत्व में पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गइ। जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता ने बताया कि पैदल तिरंगा यात्रा सवाईमाधोपुर चौराहा स्तिथ मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर टोंक शहर के बड़ा कुआं, पांच बत्ती घंटाघर होते हुए गीता मंदिर पहुंची।

विशाल तिरंगा यात्रा का मार्ग मे जगह जगह विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया गया, रैली मे भारत माता की जय, जय हिंद के नारो से पूरा माहौल राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत हो गया मेहता ने यात्रा के दौरान बताया की आज से तीन दिन तक जिले भर के प्रत्येक मण्डल मे तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी, भाजपा का हर कार्यकर्त्ता अपने अपने प्रतिष्ठान और निवास पर राष्ट्र ध्वज फहरायेगा, इस दौरान भाजपा का कार्यकर्त्ता आम जन को भी राष्ट्र भक्ति के इस पर्ब से जोड़ते हुए साथ लेकर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा इस हेतु घर-घर तिरंगा वितरित करने का कार्य भी किया जा रहा इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजीत मेहता के साथ जिला प्रमुख, पूर्व राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य दीपक संगत, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र जैन, मंडल महामंत्री विष्णु चावला, शंकर विजय , रविंद्र कुमावत पूर्व जिला मंत्री रमेश गढ़वाल, शिक्षाविद महेन्द्र चौधरी, पुष्पेंद्र जैन पूर्ब जिला महामंत्री पंडित महावीर शर्मा, अमित जैन ओम पांडे पार्षद बादल साहू जिला मीडिया प्रभारी राहुल देव शर्मा, संभाग सोशल मीडिया सयोंजक जूली शर्मा मुकेश कश्यप युवा मोर्चा उपाध्यक्ष गौरव चरण युवा मोर्चा मंत्री राजवीर सिंह चौधरी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय डोई, ममता शर्मा, संगीता सैन महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष बीना जैन चेतन जैन प्रियवीर सिंह राठौड़, भवानी सैनी, महेन्द्र सिरोठा, नरेंद्र अजमेरा विश्वजीत राठौर, अजय सिंह, गजराज सिंह, जितेंद्र गुर्जर, मुकेश गुर्जर साथ रहे।

भारतीय शिक्षा प्रचार समिति, टोंक की नई कार्यकारिणी चुनी गई

# दिनेश कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष व निपुण सक्सेना जिला व्यवस्थापक चुने गए

## बाबूलाल शर्मा को कोषाध्यक्ष का जिम्मा, दो उपाध्यक्ष व 9 सदस्यों का भी हुआ चुनाव





बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** भारतीय शिक्षा प्रचार समिति, टोंक की साधारण सभा की बैठक और नई कार्यकारिणी के चुनाव मंगलवार को यहां सम्पन्न हुए। जिसमें कम्पू निवासी दिनेश कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष और निपुण सक्सेना जिला व्यवस्थापक चुने गए। निर्वाचन अधिकारी कृष्ण गोपाल शर्मा व सह मंत्री विजय सिंह फौजदार ने बताया कि प्रेमचंद जैन संरक्षक, भागचंद मीना और श्रीमती गीता गुप्ता उपाध्यक्ष, बाबूलाल शर्मा कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला सचिव दिनेश कुमार शर्मा और ९ सदस्यों का भी चुनाव हुआ। उन्होंने बताया कि इस मौके पर विभाग प्रचारक चैतन्य कुमार, जिला संघचालक पुरूषोत्तम शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिनेश बुन्देल व वेद्यप्रकाश कुर्मी, राजेश शर्मा, खेमराज सहित कई लोग मौजूद रहे।

# लक्खी पदयात्रा मेला नहीं चढ़ा परवान पर

## तीसरे दिन 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं के दर्शनो का अनुमान





बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड की सुविख्यात धार्मिक नगरी डिग्गी म्रें 59वें लक्खी पदयात्रा मेले के तीसरे दिन लगभग 25 से 30 हजार श्रद्धालु कल्याण जी महाराज के दर्शनो के लिए पहुंचे।

डिग्गी में इस बार 59वां लक्खी पदयात्रा मेला 11 अगस्त से शुरू हुआ था। पूर्व के वर्षो में मेले के दूसरे व तीसरे लगभग 50 हजार श्रद्धालु दर्शन कर लेते थे। लेकिन इस बार मेले के तीसरे दिन तक भी मेला पूरी तरह से परवान पर नहीं चढ़ सका। इसका मुख्य कारण यह माना जा रहा है कि इस बार जयपुर व जयपुर से लेकर डिग्गी की ओर वाले बीच रास्ते में लगभग सभी स्थानो पर भारी बारिश का दौर जारी है। बारिश के चलते इस बार पदयात्रा में काफी कम श्रद्धालु आ रहे हैं। इस बारे में डिग्गी के मुख्य बाजारो के दुकानदारो का कहना है ंकि इस बार गत बार की अपेक्षा आधी से भी कम दुकानदारी चल रही है। यदि पूर्व के अनुभवो व हालातो को देखा जाए तो बुधवार को मेला लगभग समाप्त सा हो जाएगा। वैसे पदयात्रा का मुख्य ध्वज 15 अगस्त को डिग्गी पहुंचेगा। लेकिन पदयात्रा ध्वज के साथ मामूली लोग ही रहते हैं। वहीं लक्खी पदयात्रा मेले के दौरान ट्रस्ट की ओर से चौपड़ चौराहे से लेकर मन्दिर तक लगाए जाने वाले बेरिकेटिंग में भारी संख्या में श्रद्धालु रहते थे। लेकिन इस बार तो इस बेरिकेटिंग में और न ही मन्दिर में भीड़ नजर नहीं आ रही है। डिग्गीवासी तो यहां तक बता रहे हैं कि मेले में इस बार श्रद्धालु कम और ट्रस्ट की ओर से लगाए नीजि सुरक्षा गार्ड व पुलिस प्रशासन की ओर से लगाए सुरक्षा कर्मी अधिक नजर आ रहे हैं। इसके अलावा नुक्कड़ चौराहे से जयपुर की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर चौसला से पहले बजरी नाके में श्रीजी भण्डारा परिवार की ओर से लगाए भंडारे में भी अपेक्षा में कम श्रद्धालु आ रहे हैं। वहीं नुक्कड़ चौराहे से डिग्गी की ओंर जाने वाले सड़क मार्ग पर अग्रवाल सेवा सदन के आगे श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से प्रस्तावित श्रीधाम स्थल पर लगाए भण्डारे में भी कम ही श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसय भण्डारे की व्यवस्था से जुड़े व श्याम भक्त पवन मेन्दवास्या ने बताया कि इस बार लगाए भण्डारे स्थल की लगभग एक बीघा जमीन को मंडल ने क्रय कर लिया है। जहां पर मंडल की ओर से श्री धाम का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इसकी मुख्य एवं खास बात यह है कि प्रस्तावित श्री धाम में सहयोग देने वाले भामाशाहो को आयकर की धारा 80 जी की छूट मिलेगी। क्योंकि मंडल ने इस बाबत पंजीयन करा लिया है।

# रपटे में बहे चाचा की सात दिन बाद मृत्यु हुई

## टोरड़ी बांध की चादर में बहे ड्राइवर की आठ दिन बाद मिली लाश, एसडीआरएफ की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद लाश को ढूंढ निकाला

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा क्षेत्र में गत दिनो हुई भारी बारिश के बाद इन्दोली गांव निवासी जवाहर उम्र 70 वर्ष की सात दिन तक जीवन मृत्यु से संघर्ष करने के बाद मृत्यु हो गई। वहीं टोरड़ी बांध की चादर में बहे रोडवेज बस ड्राइवर की लाश को आठ दिन बाद एसडीआरएफ की टीम से ढूंढ निकाला। मालपुरा क्षेत्र मे भारी बारिश के बाद इन्दोली के पास बहने वाली सहोदरा नदी में बहे जवाहर की सवाईमानसिंह अस्पताल में काफी संघर्ष के बाद मंगलवार को मृत्यु हो गई। वहीं टोरड़ी क्षेत्र के टोरड़ी सागर की बांध की चादर से निकले तेज बहाव के पानी में बहे रोडवेज बस चालक के शव को एसडीआरएफ की टीम ने आठ दिन बाद ढूंढ निकाला। आठ दिन पहले वैशाली नगर जयपुर आगार की रोडवेज बस का चालक मुकेश निवासी चादर के तेज बहाव के पानी में बह गया था। जिसकी एसडीआरएफ टीम की तलाश कर रही थी। मंगलवार को तेज बहाव क्षेत्र की परिध में शमशान घाट के बाद रोडवेज बस चालक का शव एसडीआरएफ की टीम ने काफी मशक्कत के बाद तलाश कर अधिकारियो को सौंपा। शव मिलने की जानकारी के बाद उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा व थाना प्रभारी मालपुरा चेनाराम बेड़ा मौके पर मौजुद रहे।

# भाजपा की तिरंगा पदयात्रा आज

## यात्रा के लिए डॉ. जैन को बनाया यात्रा प्रभारी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार 14 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे तिरंगा पदयात्रा निकाली जाएगी। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार व प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष , जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी आदेशानुसार बुधवार को दोपहर बाद 3 बजे पुरानी तहसील स्थित श्री बारादरी बालाजी मन्दिर से स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर विशाल पैदल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जैन ने बताया कि तिरंगा यात्रा के लिए जिला आयोजना समिति सदस्य एवं नगरपालिका पार्षद डॉ. अंकित जैन को यात्रा प्रभारी व वार्ड पंच कमल सैनी को सह प्रभारी बनाया गया है। यात्रा में शामिल होने वालो को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा व दुपट्टा यात्रा प्रारम्भ स्थल पर उपलब्ध कराए जाएगें।

# 15 अगस्त को लगेगा रक्तदान शिविर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** स्वाधीनता दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस लाईन के अन्वेषण भवन में 15 अगस्त को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि जिला स्तरीय रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए सआदत चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला कलेक्टर ने कहा है कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक रक्तदान शिविर में अधिकाधिक रूप से भाग लें।

# राष्ट्रीयता के जीवंत प्रतीक थे वीर दुर्गादास : राठौड़

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा ( नि.स. )।** कस्बे में स्थित वीर दुर्गादास सर्किल पर वीर दुर्गादास स्मृति संग्रहालय एवं भाजपा नटवाड़ा मण्डल के तत्वावधान में मंगलवार को दुर्गादास की 386वीं के अवसर पर भावभिनी श्रदांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य एडवोकेट तेजभॅवर सिंह राठौड ने कहा कि वीर दुर्गादास राष्ट्रीयता के जीवंत प्रतीक थे। आजादी सच्चे देश भक्त ने स्वतंत्रता पूर्व ही भारत में गणराज्य की स्थापना करने के भरसक प्रयास किये। हमे दुर्गादास के जीवन से प्रेरणा लेकर देश हित में कार्य करने का सकंल्प लेना चाहिए। आज देश में चारो ओर आंतकवाद, भ्रष्टाचार फैला हुआ है ऐसे कठिन दौर में देश को दुर्गादास जैसे व्यक्तित्व वाले देश भक्तो की आवश्यकता हैं। वही भाजपाई कार्यकर्ताओ ने वीर दुर्गादास स्मृति सग्रहालय का दौरा कर दुर्गादास राठौड़ से जुड़ी विषय वस्तुओ का अवलोकन किया । सग्रंहालय के संचालक तेजभॅवर सिंह राठौड़ एवं विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि संग्रहालय में दुर्गादास पर बनी पहली फिल्म की कैसिट, काठ की कावड़, इमली के बीज पर बने चित्र, डाक टिकिट, एक इंच से 12 फीट तक की मूर्तिया, सिक्के जन्मकुण्डली, पुस्तके, सहित अनेक एतिहासिक वस्तुओ का अवलोकन किया। उन्होने बताया कि यह सग्रहांलय दुनिया का एकमात्र सग्रहांलय है जहां पूर्व अनुमति एवं बिना प्रवेश शुल्क के कभी भी दौरा किया जा सकता है क्योकि यह सग्रहांलय बना ही आमजन के लिए ही हैं। कार्यक्रम में शक्ति केन्द्र प्रभारी रामदेव प्रजापत, रमेश पालीवाल, रामजी लाल बोकण, मुकेश झालीवाल, हंसराज धाबाई, मुकेश कीर, नाथूसिंह पड़िहार, हनुमान धाभाई, रामजी लाल जाट सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# आस्था और उत्साह के साथ निकाली कावड़ यात्रा

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा ( नि.स. )।** बनास नदी महादेव मंदिर से महादेव का जलाभिषेक कर मंगलवार को अखंड सनातन हिंदू समाज के तत्वावधान में युवा महाकाल संघ मित्र मंडल द्वारा महाकाल के जयकारों के साथ नॉन स्टॉप सुपर फास्ट कावड़ यात्रा शुभारंभ किया।

जो ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों के शिवलिंगो पर जलाभिषेक करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम पर विराजित भगवान नाटेश्वर महादेव जलाभिषेक करके कावड़ यात्रा का समापन किया। लक्ष्मण जाट, भरत जाट ने बताया कि भगवा रंग की वेशभूषा धारण कर पुरुष कावड़ियों का रेला बोल बम बोल, भगवान शिव के नाम का जयकारा लगाते हुए भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए यहां शिवालय पर पहुंचा। सकल हिन्दू समाज सेवादल कार्यकर्ताओं ने कावड़ यात्रियों का स्वागत किया।

# प्रदेश के जलदाय मंत्री एक बार फिर अपने वादे पर उतरे खरे

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा शहर में निकाली गई कावड़ यात्रा को लेकर प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी राज्य के मुख्यमंत्री को दिए अपने वादे पर खरा उतरे। कावड़ यात्रा निकल जाने के बाद जो छन कर जो जानकारी सामने आ रही है। उसके अनुसार प्रदेश के जलदाय मंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक वादा किया था। जिसके अनुसार यात्रा मार्ग को टोडा रोड से प्रवेश देकर मालपुरा शहर में प्रवेश को लेकर था। इस बाबत चौधरी ने मुख्यंत्री से मुलाकात कर वादा किया था कि मार्ग की अनुमति मिलने के बाद सारी जिम्मेदारी उनकी होगी। यात्रा शांति पूर्ण तरीके से निकाल कर चौधर अपने वादे पर पूर्ण खरा उतर कर बता दिया कि वे वादे के पक्के हैं। कावड़ यात्रा मार्ग को लेकर चौधरी ने लगभग एक माह पूर्व ही प्रदेश के मुख्यमंत्री को आश्वास्त कर दिया था समिति द्वारा जो मार्ग मांगा माना जा रहा है यदि सरकार इस मार्ग की अनुमति प्रदान करती है तो यात्रा के शांति पूर्ण तरीके से निकालवाने की पूरी जिम्मेदारी उनकी रहेगी। इसी के चलते सोमवार को यात्रा के दौरान चौधरी ने यात्रा पर कड़ी नजर रखी। हर पल पल की जानकारी लेते रहने के बाद स्वयं भी उत्साह व उमंग के साथ कावड़िया के साथ पैदल मार्च कर कावड़ियो का हौसला बढ़ाया।

# ढील बांध पर चादर हुई बहुत तेज, रास्ता भी हुआ क्षतिग्रस्त

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** शिवाड़ से 11 किलोमीटर दूर स्थित टापुर ग्राम में ढील बांध जिसकी भराव क्षमता 16 फीट है वहां अभी करीब साढ़े 3 फ़ीट की चादर चल रही है। ग्रामीण प्रहलाद जाट, रामराय जाट आदि ने बताया कि सारसोप से टापुर आने वाले रास्ते मे ढील बांध के 4 नंबर नाके पर अत्यधिक पानी आने से यहां मुख्य रोड पर बनी रपट टूट गई है जिससे अब आवागमन बन्द हो गया है और चारो ओर ज्यादा पानी होने पर प्रशासन द्वारा जेसीबी की मदद से आस पास में नाली बनाकर पानी को काटा गया मगर फिर भी वहां स्थित रपट को टूटने से नही बचा सके । ढील बांध के बीच बनी इस रपट के टूटने से अब शिवाड़ सारसोप होकर यहां जाने के लिए रास्ता बंद हो गया है । वही ढील बांध ज्यादा ओवर फ्लो हो चुका है मगर यहां केवल एक कार्मिक की ही तैनाती है जबकि कई सालों पूर्व कई कार्मिक यहां रहते थे अब ऐसे में बांध की दीवारों और नाको को देखने वाला कोई नही है और पानी की आवक अधिक होने से ग्रामीणों में भय का भी माहौल है । वही पानी के चारो ओर बहने से आसपास के गॉव काछीपुरा आदि का सड़क संपर्क पंचायत मुख्यालय से टूट गया है । लोगो ने कट्टे आदि लगवाकर इस रोड को तुरंत सही करवाने की मांग की है ।



**तेज चादर के कारण सैलानियों का रुझान हुआ कम :** ढील बांध पर साढ़े 3 फ़ीट से अधिक चादर चलने और सुरक्षा दीवारों के ऊपर से भी पानी नीचे आने से अब सुरक्षा की दृष्टि से खतरा होने से सैलानियों ने भी ढील बांध पर रविवार दिन से ही जाना बंद कर दिया है । यहां सोमवार और मंगलवार को आवाजाही न के बराबर रही जहां पिछले 15 दिन से वहां पैर रखने को जगह नही थी।

# कृषि विभाग के अधिकारी पहुंचे खेतो में

## फसलों में लगने वाले कीड़े बीमारियों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**दूनी/ टोंक ।** कृषि विभाग टोंक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र बनस्थली के वैज्ञानिको की टीम ने मंगलवार को दूनी क्षेत्र में दूनी, संथली, बंन्धली, गांधी ग्राम इत्यादि गांवों का दौरा कर फसलों का निरीक्षण किया एवं अति वृष्टि से जल भराव में पानी की निकासी करने का सुझाव दिया। कृषि विज्ञान केन्द्र बनस्थली के इन्चार्ज एवं कृषि वैज्ञानिक बंशीधर चौधरी ने बताया कि उडद की फसल में पीत शिरा मोजेक रोग का प्रकोप दिया है, जिसके लिए डायमिथोएट 30 ई सी का एक लीटर प्रति हैक्टर की दर से छिड़काव करने, यदि आवश्यकता हो तो दवा का छिड़काव दोहराने की सलाह दी। कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कृषको को सलाह दी कि अतिवृष्टि या जल भराव से फसलों को नुकसान हो सकता है, जिन किसानों के पास जल निकास की सुविधा हो वो जल निकास करे एवं कृषि पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र का भ्रमण करे एवं यदि कही भी कीट एवं रोग का प्रकोप दिखाई देने पर विभागीय सिफारिश के अनुसार किसानों को सलाह देने के निदेश दिये।

# बाल सुधार गृह से बाल अपचारियों ने भागने के लिए किया दीवार में बड़ा छेद

## पुलिसकर्मियों की सजगता के कारण बाल अपचारियों के इरादे रह गए धरे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ट्रांसपोर्ट नगर सेठी कॉलोनी स्थित बालसुधार गृह बाल अपचारियों ने भागने को लेकर योजना बनाई। लेकिन वहां पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उनकी योजना को विफल कर दिया। बालअपचारियों ने भागने के लिए मिलकर एक मीटिंग रखी थी और सीसीटीवी कैमरों के तार तोड़कर दीवार में बड़ा छेद कर दिया था। लेकिन पुलिसकर्मियों की सजगता के कारण बाल अपचारियों के इरादें धरे रह गए। ट्रांसपोर्ट नगर थाने में बालसुधार गृह से भागने की योजना करने वाले चार मुख्य बाल अपचारियों के खिलाफ बाल सुधार गृह के अधीक्षक की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। जांच अधिकारी एसआई हबीब खां ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के सेठी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह के अधीक्षक सुनील भार्गव ने मामला दर्ज करवाया कि बाल सुधार गृह की ड्यूटी पर केयर टेकर कन्हैयालाल, होमगार्ड इंचार्ज समय सिंह, सीसीटीवी फुटेज निगरानी पर प्रमोद कुमार बैरवा, पुलिस गार्ड कुलदीप, महिपाल, मनोज, सूरज और भवानी तैनात थे। जांच में सामने आया कि बालसुधार गृह में बंद चार बालअपचारियों ने भागने की योजना बनाई और देर रात चारों आरोपित बालअपचारियों ने बालसुधार गृह में बच्चों की एक साथ मीटिंग रखी थी। बालसुधार गृह से भागने के लिए मीटिंग में पूरा प्लान बनाया गया। प्री-प्लान के तहत देर रात डेढ बजे बच्चों ने सीसीटीवी के तार तोड़कर बंद कर दिए। मेडिकल रुम का लॉक तोड़कर अंदर घुस गए। रुम के अंदर की दीवार को तोड़कर भागने के लिए बड़ा छेद तक कर डाला। बालसुधार गृह में तैनात पुलिसकर्मियों को समय रहते पता चला गया। बाल सुधार गृह में तैनात पुलिसकर्मियों ने समय रहते पुलिस जाब्ता बुला लिया। सचेतता के चलते बाल अपचारियों के बाल सुधार गृह से भागने की कोशिश नाकाम हो गई।



# सीवरेज निर्माण की लापरवाही फिर उजागर, गौशाला रोड पर स्कूल बस गड्ढे में फंसी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे मे सीवरेज निर्माण के दौरान हो रही लापरवाहियों और खराब निर्माण कार्य के चलते शहरवासियों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौशाला रोड पर देखने को मिला जब एक निजी स्कूल की बस सीवरेज लाइन के कारण सड़क पर बने गड्ढे में फंस गई। बस में छोटे-छोटे बच्चे सवार थे जिन्हें स्थानीय लोगों ने तत्काल सुरक्षित बाहर निकाला।गनीमत रही कि घटना के वक्त बस की रफ्तार धीमी थी वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बच्चों को करीब 2 किलोमीटर कीचड़ और गड्ढों से भरी सड़क पर पैदल स्कूल जाना पड़ा। पूरे शहर में सीवरेज निर्माण की स्थिति और कार्य परेशानी का सबक बने हुए हैं।

# ज्वैलर ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

## 14 करोड़ रुपए की उधारी नहीं मिलने से था परेशान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जवाहर सर्किल थाना इलाके में एक ज्वैलर ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या करने का मालमा सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि मृतक की जेब में मिले सुसाइड नोट में 14 करोड़ रुपए की उधारी नहीं मिलने से परेशान होना सामने आया है। इस पूरे मामले को लेकर मृतक के भाई ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच अधिकारी एसआई रेणु मालाकार ने बताया कि जाट के कुएं का रास्ता चांदपोल बाजार निवासी विनोद शर्मा (49) ने मालवीय नगर पुलिया के नीचे ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में उसे जयपुरिया हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां हालत बिगड़ने पर एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक विनोद शर्मा का चांदपोल बाजार और सांगानेर में ज्वेलरी का शोरुम है। पुलिस को मृतक विनोद की जेब में परिजनों को सुसाइड नोट रखा मिला। सुसाइड नोट में लिखा था कि ट्यूबवेल कंपनी के मालिक हनुमान प्रसाद, उसके बेटे रमेश शर्मा, आनंद शर्मा, अशोक शर्मा और रामकांत शर्मा ने 13 साल पहले 14 करोड़ रुपए लिए थे। बार-बार कहने के बाद भी ये रुपए नहीं लौटा रहे हैं। इससे वह मानसिक रूप से बहुत परेशान हो चुका है साथ ही रुपए वापस देने में आनाकानी करने और आर्थिक मंदी के कारण परेशान है। वह इनके कारण ही आत्महत्या कर रहा है। उसके आत्महत्या के बाद इनसे रुपए लेकर उसके परिवार को दिए जाए। इससे परिवार को गुजारा हो सके। मृतक के भाई सुधीर ने बताया कि 13 साल पहले 14 करोड़ रुपए बड़े भाई विनोद ने कुछ लोगों को दिए थे। जरूरत पूरी होने के बाद भी बार-बार तकाजा करने पर भी रुपए नहीं लौटाए गए। प्रॉपर्टी सेल, सेविंग, बैंक और मार्केट से पैसा लेकर दिया गया था। खुद का पैसा नहीं मिलने के कारण वह परेशान रहते थे। मार्केट व लोन पर लिया पैसा लौटाने के साथ आर्थिक मंदी के चलते वह अंदर से पूरी तरह टूट चुके थे। बड़े भाई विनोद के दो बेटियां और एक बेटा है। करीब डेढ़ साल पहले ही सांगानेर स्थित ज्वेलर शोरुम की ऑपनिंग की थी। इसके बाद से बड़े भाई विनोद सांगानेर स्थित ज्वेलरी शोरुम में बैठते थे।

# जेसीबी की टक्कर से महिला की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एसएमएस अस्पताल के पास मंगलवार सुबह जेसीबी की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह पति के साथ घर जाने के लिए पैदल निकली थी। पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। इस मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना पूर्व कर रहा है। सडक दुर्घटना थाना पूर्व के पुलिस हेड कांस्टेबल दिलीप ने बताया कि हादसे में वंदना (35) पत्नी राकेश निवासी पड़ासोली दूदू की मौत हो गई। जो सुबह वह अपने पति राकेश के साथ जयपुर आई थी और पति के साथ एसएमएस हॉस्पिटल के सामने वापस घर जाने के लिए पैदल जा रही थी। इसी दौरान एसएमएस हॉस्पिटल में निर्माणाधीन बिल्डिंग के काम में लगी जेसीबी पीओपी कट्टे लेकर गेट नंबर-6 से बाहर निकल रही थी। इस दौरान पैदल जा रही वंदना जेसीबी की चपेट में आ गई।

# जेडीसी ने टोंक रोड पर जलभराव वाले स्थानों का दौरा कर लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा महोदय के निर्देशों की पालना में जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने दूसरे दिन लगातार अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में बचाव-राहत कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंगलवार सुबह से ही फिल्ड में रहकर जयपुर शहर में विभिन्न स्थानों पर अतिवृष्टि से उत्पन्न जलभराव की स्थिति का दौरा कर जायजा लिया एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिये। दौरे में निदेशक अभियांत्रिकी - प्रथम, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। राजपाल ने बताया कि जेडीए के सभी अभियंतागण अपने-अपने क्षेत्र में अतिवृष्टि से उत्पन्न जलभराव की समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य कर रहे है। साथ ही अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सूचना प्राप्त होते ही तुरंत जल भराव, सड़क में कटाव एवं अन्य क्षति इत्यादि समस्याओ का तत्काल रूप से निराकरण किया जा रहा है। जेडीसी द्वारा बी-2 बाईपास जंक्षन चौराहा, द्रव्यवती नदी पुलिया-सांगानेर, पत्रकार कॉलोनी मानसरोवर, इस्कॉन मंदिर तिराहा मानसरोवर इत्यादि स्थानों पर उत्पन्न जलभराव की समस्याओं का दौरा कर जायजा लिया। जेडीसी ने सूरजमल सर्किल एवं खरबास सर्किल के सौंदर्यीकरण के निर्देष दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने संबधित अभियंतागण को आसपास के क्षेत्र की सडकों पर पडे मलबे को संसाधन जुटाकर तत्काल रूप से हटाने के निर्देष दिये। उन्होंने बी-2 बाईपास जंक्षन पर बने क्लोअर लीफ के पिल्लर्स एवं स्लीप लेन के सौंदर्यीकरण के निर्देष दिये।जेडीए द्वारा बनीपार्क में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध जेसीबी मषीन, ट्रेक्टर मय ट्रॉली, मड पम्प, मिट्टे के कट्टे, डम्पर, ट्रेक्टर ब्लेड इत्यादि संसाधन उपलब्ध है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य कर रहा है।इसके अतिरिक्त जेडीए सचिव हेमपुष्पा शर्मा निदेशक अभियांत्रिकी - द्वितीय के साथ सालिगरामपुरा अण्डरपास, महल रोड, बॉम्बे हॉस्पिटल द्रव्यवती नदी एवं अन्य क्षेत्रों में उत्पन्न जलभराव की समस्याओं का दौरा कर जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने आमजन से भी जलभराव की स्थिति में जेडीए द्वारा बनीपार्क में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष दूरभाष नंबर 91 9351683520 एवं 0141-2203518 पर सहायता हेतु संपर्क करने की अपील की।

# बदमाश ने पिस्टल से खुद को मारी गोली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** झोटवाड़ा थाना इलाके में एक बदमाश ने सोमवार देर रात खुद को पिस्टल से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया गया। पुलिस ने मौके से एक देसी पिस्टल भी बरामद कर ली है। पुलिस ने मंगलवार सुबह मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि पुलिस कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। मृतक की पहचान देवेन्द्र सिंह (29) के रूप में हुई हैं। उसने अपने घर में ही खुद को देसी पिस्टल से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। देवेन्द्र के खिलाफ करीब आधा दर्जन आपराधिक मामले उदयपुर, झोटवाड़ा, वैशाली नगर, ज्योति नगर में दर्ज है। मृतक करीब पांच माह पहले मारपीट के एक मामले में जमानत पर छूट कर जेल से बाहर आया था। पुलिस को परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि वह काफी दिनों से परेशान चल रहा था। मृतक देसी पिस्टल कहां से लेकर आया और आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच करने में जुटी है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन भी सीज कर लिया है। पुलिस का अनुमान है कि मृतक देवेंद्र के मोबाइल से पुलिस को कोई न कोई जानकारी मिलेगी।

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत लिए खाद्य सामग्री के नमूने...



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के आदेश अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयपुर प्रथम की टीम ने मंगलवार को सवाई मानसिंह चिकित्सालय बांगड़ अस्पताल, जेके लोन हॉस्पिटल के आसपास स्थित 12 ढाबो पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत निरीक्षण करते हुए, निरीक्षण में पाई गई कमियों के क्रम में नोटिस जारी कर संदेह के आधार पर कई भोजनालय के यहां से खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए, नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा है जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी साथ ही सभी ढाबे एवं थड़ी वालों को साफ सफाई की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि अस्पताल परिसर के आसपास स्थित सभी थड़ी, ढाबो व भोजनालय पर नियमित अंतराल से पुनः निरीक्षण की कार्यवाही की जाएगी।

# जेडीसी के निर्देशों पर उद्यानिकी शाखा ने किया शहर में ग्रीनबेल्ट, मीडियन, पार्क आदि का दौरा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा महोदय के निर्देशों की पालना में जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने दूसरे दिन लगातार अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में बचाव-राहत कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंगलवार सुबह से ही फिल्ड में रहकर जयपुर शहर में विभिन्न स्थानों का दौरा कर जायजा लिया एवं उद्यानिकी शाखा के अधिकारियों को विभिन्न ग्रीनबेल्ट, मीडियन, पार्क आदि का मौके पर जाकर वांछित काया/समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिये। जविप्रा के उद्यानिकी प्रकोष्ठ के समस्त कर्मचारी/अधिकारियों द्वारा श्री संग्राम सिंह कटियार, वन संरक्षक के नेतृत्व में दौरा किया। उद्यानिकी अधिकारियों द्वारा जवाहर सर्किल व आस-पास के क्षेत्र, सिविल लाईनस्, भवानी सिंह भगवान दास रोड, वैशाली नगर क्षेत्र, चित्रकुट क्षेत्र के सडकों के सहारे स्थित गिरे हुये पेडों को हटाकर आवागमन सुगम बनाया गया। साथ ही रोड लाईट को बांधित करने वाले पेड-पौधो को कटाई-छंगाई का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया। पार्को के पास स्थित सड़क पर पैदल चलने वाले राहगीरों के आगमन को सुगम बनाने हेतु झाडियों एवं पेड-पौधो की कटाई छंगाई की गयी। आजमनों को अपील कि जाती है कि जविप्रा द्वारा संधारित की जा रही सडक मीडियन, ग्रीनबेल्ट एवं पार्को में वृक्षाऋतु में पेड-पौधो के गिर जाने पर उद्यानिकी प्रकोष्ठ के नरेन्द्र सिंह शेखावत, वरिष्ठ उद्यानविज्ञ मोबाइल नं. 9414287551 व अब्दुल मजीद, उद्यान अधीक्षक मोबाइल नं. 9413340438 से सम्पर्क कर सकते है ।

# गांजे की तस्करी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत प्रतापनगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले तस्कर वीरेन्द्र सिंह निवासी बयाना सदर जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया है और साथ ही गिरफ्तार आरोपित के पास से 03 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं बिक्री राशि 5 हजार 500 रुपये बरामद किए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉज जोसफ ने बताया कि जयपुर शहर में अवैध नषा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेषन ''क्लीन स्वीप'' के तहत सीएसटी ने अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले तस्कर वीरेन्द्र सिंह को पकडा है। आरोपित वीरेन्द्र सिंह जब्त मादक पदार्थ गांजा की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचता है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ गांजा की प्राप्ति स्त्रोत के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव : पारंपरिक वैदिक अनुष्ठानों सहित 'भूमि पूजन' कर पवित्र आधारशिला रखी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव (दर्शन इतिहास का, परिवर्तन आज का) पर दो दिवसीय भव्य व विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 और 26 अगस्त 2024 को किया जाएगा। इसी उपलक्ष्य में कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक वैदिक अनुष्ठानों सहित 'भूमि पूजन' करते हुए पवित्र आधारशिला रखी गई। जिससे इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियों का औपचारिक रूप से मंगलारंभ किया गया। यह प्रयास समस्त विश्व के लिए कल्याणकारी हो, इसके लिए गुरुदेव के ब्रह्मज्ञानी शिष्यों एवं शिष्याओं ने प्रार्थनाओं सहित सामूहिक ध्यान-साधना भी अर्पित की। इस विशाल कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों व संदेशों को समाज के समक्ष रखा जाएगा। जिसमें गुरुदेव के प्रचारक शिष्य अपनी ओजस्वी वाणी से प्रवचन करेंगे तथा युवा शिष्य भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं पर आधारित नृत्य-नाटिका, डांस प्रस्तुतियों इत्यादि का मंचन करेंगे। कार्यक्रम में संस्थान के सामाजिक प्रकल्पों की प्रदर्शनी सहित भगवान श्री कृष्ण के गूढ़ संदेशों पर आधारित विभिन्न झाँकियाँ भी लगाई जाएंगी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम के माध्यम से समाज को अध्यात्म से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। ताकि लोग ईश्वर की शाश्वत भक्ति से जुड़ कर अपने जीवन का कल्याण कर सकें।

## मस्कुलोस्केलेटल सोसाइटी कॉन्फ्रेंस में 21 देशों से 700 डॉक्टर्स होंगे शामिल

# वर्कशॉप, लाइव डेमो, टॉक सेशन और लेक्चर का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** मस्कुलोस्केलेटल सोसाइटी कॉन्फ्रेंस का 12वां संस्करण 16 से 18 अगस्त तक जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित होगा। जिसमें भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया समेत 21 देशों के 700 से अधिक मस्कुलोस्केलेटल इंटरवेंशनल एक्सपर्ट डॉक्टर हिस्सा लेंगे। इनमें 28 से अधिक इंटरनेशनल लेवल फैकल्टी शामिल हैं। कॉन्फ्रेंस में लेक्चर और वर्कशॉप के जरिए स्पोर्ट्स इंजरी, ज्वाइंट पेन, नर्व पेन आदि मस्कुलोस्केलेटल संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के डाइग्नोसिस और इलाज पर प्रकाश डाला जाएगा। ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. एम. पी. गोयल और डॉ. गौरव कान्त शर्मा, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी एवं डायरेक्टर, जयपुर इंस्टीट्यूट ऑफ पेन एंड स्पोर्ट्स इन्जुरीज़ ने बताया कि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. भीभू कल्याण नायक, निदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स साइंसेस, नई दिल्ली और विशिष्ट अतिथि डॉ. अब्दुल्ला अलरेमैथी, रेडियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ एमिरेट्स (दुबई) के अध्यक्ष शामिल होंगे।

डॉ. एम. पी. गोयल ने बताया कि इस आयोजन से विश्वस्तरीय डॉक्टर जयपुर में एकजुट होंगे। एक्सपर्ट्स स्पोर्ट्स इंजरी, जॉइंट पैन और मस्कुलोस्केलेटल संबंधी बीमारियों के बिना सर्जरी के मस्कुलोस्केलेटल इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के जरिए उपचार की उच्च तकनीक साझा करेंगे।

# सीएसटी ने दो शराब माफियाओं को गिरफ्तार की भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ शिवदासपुरा एवं कानोता में कार्रवाई करते हुए दो शराब माफियाओं को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध हथकड़ शराब 13 लीटर, देसी शराब के 90 पव्वे बरामद किया है और साथ ही लगभग 3000 लीटर वाश को नष्ट किया। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ शिवदासपुरा एवं कानोता में कार्रवाई करते हुए पप्पू मीणा निवासी शिवदासपुरा जयपुर और गणेश नायक निवासी कानोता जयपुर को गिरफतार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपितों के पास से अवैध हथकड़ शराब 13 लीटर, देसी शराब के 90 पव्वे बरामद किया है और साथ ही 3000 लीटर वाश को नष्ट किया गया है। पुलिस आरोपियों से अवैध शराब की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।



# तिरंगा अभियान की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (संजय जैन)।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर राजस्थान के हर जिले में युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। तिरंगा अभियान की तैयारी को लेकर रावतभाटा मंडल के भाजपा पदाधिकारी व हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी में बैठक की । घर-घर तिरंगा अभियान की बैठक को रावतभाटा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा ने कहा कि सभी अपने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराए। इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान मंडल संयोजक विनिता अग्रवाल ने जानकारी दी कि 14 अगस्त शाम 5.00 बजे सुभाष सर्किल पर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम किया जाएगा। हिंदू जागरण मंच के संयोजक चेतन सांखला, सहसंयोजक जितेंद्र जैन व युवा मोर्चा ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त 4.30 बजे तिरंगा यात्रा बप्पा रावल चौराहे से राणा पूजा स्टेडियम तक निकाली जाएगी। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा। बैठक में तिरंगा यात्रा संयोजक आर डी शर्मा, राजेश सिंह बादल सह संयोजक कान्हा राम चारण बृज नारायण सैनी,गिरिराज, तन्वी शर्मा आदि मौजूद रहे।



# धर्मस्तूप पर लहराया 160 फीट तिरंगा, देशप्रेम का दिखा ज्वार

## चूरू के धर्मस्तूप पर 26 जनवरी 1930 को स्वाधीनता सेनानियों ने फहराया था तिरंगा

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत मंगलवार को चूरू जिला मुख्यालय स्थित धर्मस्तूप पर जिला प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 160 फीट तिरंगा लहराकर शहरवासियों ने अपने देशप्रेम का इजहार किया। विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, जिला प्रमुख वंदना आर्य, एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, सीईओ मोहन लाल खटनावलिया सहित बड़ी संख्या में मौजूद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू वो पुण्य भूमि है जहां आज से 94 साल और आजादी से 17 साल पहले ही यहां के क्रांतिधर्मा स्वाधीनता सेनानियों ने धर्मस्तूप पर तिरंगा फहराकर आजादी के लिए अपनी दीवानगी का इजहार किया था। आज जिला प्रशासन ने उसी धर्मस्तूप पर यह जोरदार कार्यक्रम कर बेहतर संदेश दिया है। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि सभी हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और देश के लिए अपनी भावनाओं का इजहार करें।

जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि यह चूरू वासियों के लिए अत्यंत गर्व और गौरव का विषय है कि यहां के सेनानियों ने आजादी से पहले ही यहां झंडा फहराकर अपनी भावनाओं का इजहार किया और देशभक्ति का परिचय दिया। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि हम सभी को आजादी के इस पर्व में हर्ष और उल्लास के साथ शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा एक जोरदार पहल है और इससे देश-प्रदेश के आमजन में आजादी और देश में प्रति प्यार, सम्मान और समझ में इजाफा होगा।

इस दौरान एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, सीईओ मोहन लाल खटनावलिया, एसीईओ दुर्गा देवी ढाका, सीडीईओ जगवीर यादव, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश गुडेसरिया, सहायक निदेशक डॉ निरंजन चिरानियां, सहायक सांख्यिकी अधिकारी विक्रम गुर्जर, सहायक विकास अधिकारी प्रेमसिंह चौहान, सहायक निदेशक (स्कूल शिक्षा) बिजेंद्र दाधीच, भरत गौड़, शिवकुमार शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र महला, पंकज सोनी, सहायक आयुक्त (उद्योग) उजाला, एडीपीआर कुमार अजय, एपीआरओ मनीष कुमार, अविनाश सहारण, राजकुमार सारस्वत, नारायण बेनीवाल, बनवारीलाल, दुलीचंद सोनी, देवीदत्त सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद थे। सीईओ मोहन लाल खटनावलिया ने तिरंगा शपथ दिलाई।

# नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थी एवं शिक्षक



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूरे भारत से पीएम श्री विद्यालयों के 100 बच्चों को उनके अभिभावकों व अध्यापकों के साथ लाल किले पर आयोजित होने वाले ''स्वतंत्रता दिवस समारोह'' का साक्षी बनने के लिए बतौर 'विशिष्ट अतिथि' आमंत्रित किया है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार समारोह में भाग लेने के लिए राज्य से 6 विद्यार्थियों व 6 शिक्षकों के दल को 13 अगस्त को शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल तथा राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने दल के प्रत्येक सदस्य को तिरंगा झण्डा प्रदान कर शिक्षा संकुल से रवाना किया। इस अवसर पर कुणाल तथा चतुर्वेदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए दल के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दल के सदस्य भारत के स्वतंत्रता प्राप्ति की यात्रा और इसके महत्व को अद्वितीय दृष्टिकोण से जान पाएंगे। इसमें विद्यार्थी न केवल भारत के इतिहास और विरासत के ज्ञान से समृद्ध होंगे बल्कि उनमें राष्ट्रीय पहचान और गौरव की भावना मजबूत होगी। राज्य का दल राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् की सहायक निदेशक डॉ नीरू पोटलिया के नेतृत्व में 14 व 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होगा। दल में पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी रोड़, जवाजा, ब्यावर से छात्रा हर्षिता चौधरी एवं शिक्षिका सविता शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयए बल्दू, लाडनूं, डीडवाना-कुचामन से छात्र बजरंग लाल मेघवाल एवं शिक्षक अशोक कुमार पूनिया, पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गणगौरी बाजार, जयपुर से छात्रा तनिषा मीना, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तिजारा, खैरथल से छात्रा अनुप्रिया एवं शिक्षिका अंजू अरोड़ा, राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, शेखसर बास खोडाला, लूणकरणसर, बीकानेर से छात्र महिपाल एवं शिक्षक गोविन्द गोस्वामी तथा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जुल्मी, खैराबाद, कोटा से छात्र विनय कुमार मकवाना एवं शिक्षक वेदप्रकाश बैरवा शामिल हैं।

# विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी की घोषणा, प्रदेशाध्यक्ष मिश्र के नेतृत्व में नई टीम का ऐलान

बढ़ता राजस्थान









**सरदारशहर( सुरेश शर्मा )।** विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष सुनिल मिश्र के पदभार ग्रहण करने के बाद विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। प्रदेशाध्यक्ष सुनिल मिश्र ने बताया कि विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष धनसुख सारस्वत, प्रदेश महामंत्री प्रो अरविंद गौड़ जोन 1 बी के आदेशानुसार विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुनिल मिश्र की अभिशंषा पर प्रदेश संगठन महामंत्री दिनेश ओझा की स्वीकृति से प्रदेश महामंत्री भरतकुमार शर्मा ने नई कार्यकारिणी के नियुक्ति पत्र जारी किए हैं। प्रदेशाध्यक्ष सुनिल मिश्र ने प्रदेश महामंत्री भरतकुमार शर्मा, प्रदेश सचिव कमलकांत शर्मा, प्रदेश मिडिया प्रभारी पत्रकार पवन चोटिया, प्रदेश प्रवक्ता मदन मिश्र को नई कार्यकारिणी में शामिल करते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 7 उपाध्यक्ष, 7 प्रदेश सचिव, 1 प्रदेश महामंत्री, 1 प्रदेश प्रवक्ता, 1 विधिक सलाहकार सहित चूरू, हनुमानगढ़, अनुपगढ़, बीकानेर के चार जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई हैं। प्रदेशाध्यक्ष के आदेशानुसार जल्द ही अन्य जिलों व प्रदेश कार्यकारिणी का भी विस्तार किया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र को नई जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र की विप्र फाउंडेशन की टीम व अन्य संगठनों द्वारा भी मिश्र को बधाइयां देते हुए सामाजिक क्षेत्र में विप्र फाउंडेशन के बैनर तले अनेक सामाजिक स्तर के कार्यक्रमों का आयोजन कर मिश्र ने एक अच्छी पहल करने पर उन्हें विप्र फाउंडेशन के बड़े नेतृत्व द्वारा प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ का दायित्व सौंपा गया है। जिस पर प्रदेशाध्यक्ष मिश्र द्वारा अपनी नई टीम का आगाज करने के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में अनेक कार्य विप्र फाउंडेशन के बैनर के साथ और अपनी ऊर्जावान नई टीम का ऐलान कर दिया। वहीं प्रदेशाध्यक्ष द्वारा अपनी नई टीम की नियुक्ति करने पर विप्र फाउंडेशन की पूरी टीम द्वारा बधाइयां देते हुए प्रदेशाध्यक्ष सहित विप्र फाउंडेशन के शीर्ष नेतृत्व सहित पूरी टीम का आभार जताया हैं।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मसूदा में तिरंगा मेले का आयोजन

## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा मेला, जिला कलेक्टर और विधायक ने किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( नि.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी के तहत प्रशासन द्वारा जिले के मसूदा उपखण्ड में मंगलवार को तिरंगा मेला का आयोजन किया गया। मेले मे स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों-मेहंदी कोन, अगरबती, राखी आदि को विक्रय हेतु रखा गया।

साथ ही कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग द्वारा भी विभागीय योजनाओं की जानकारी हेतु स्टॉल लगाई गई। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल एवं मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने सभी स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने राजीविका के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की तथा नए विचारों व उत्पाद हेतु प्रोत्साहित किया गया। मेले में लगाई गई एक स्टॉल्स से जिला कलेक्टर ने अचार खरीदा एवं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने की दिशा के तहत अचार का भुगतान यूपीआई द्वारा किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने तिरंगा सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली साथ ही जिला कलेक्टर द्वारा वहा उपस्थित लोगों को तिरंगा शपथ दिलवाई गई। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि तिरंगे का सम्मान तथा राष्ट्र विकास हेतु समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा रखते हुए सभी लोग तिरंगा संहिता की पालना करते हुए तिरंगा फहराएं। इससे पूर्व मेले के शुभारंभ के अवसर पर कलाकारों व छात्र-छात्राओं द्वारा कठपुतली प्रदर्शन, नृत्य, नाटक आदि की प्रस्तुति दी गई। मेले में तिरंगा वितरण हेतु पंचायत समिति तथा पोस्ट ऑफिस की और से स्टॉल लगायी गई। इस दौरान उपखंड अधिकारी कुलदीप शेखावत, अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल मीणा, विकास अधिकारी मधुसदन, तहसीलदार श्याम लाल व शिल्पा चौधरी सहित सरपंच गोविन्द धूत तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं का हो समुचित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन : सत्यानी

## जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने किया पंचायत समिति का निरीक्षण, कहा- महानरेगा कार्यों में श्रम सामग्री का अनुपात करें मेंटेन

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( नि.स. )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने मंगलवार को चूरू पंचायत समिति का आकस्मिक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर सत्यानी ने पंचायत समिति की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वन में अधिक बेहतरी व पारदर्शिता लाने के निर्देश प्रदान किए। महानरेगा की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि महानरेगा कार्यों में श्रम व सामग्री का नियमानुसार अनुपात मेंटेन करें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि स्वीकृति के समय श्रम व सामग्री का अनुपात सुनिश्चित किया जाता है लेकिन बाद में वह वास्तविक तौर पर मेंटेन नहीं रह पाता है। यह स्थिति नहीं रहनी चाहिए। ग्राम पंचायतवार इस अनुपात को ब्लॉक स्तर तक मेंटेन किया जाना सुनिश्चित करें ताकि जिले का श्रम व सामग्री अनुपात भी सही रहे।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों को अधिकतम औसत मजदूरी मिले, प्रत्येक जरूरतमंद को रोजगार मिले और समय पर महानरेगा कार्य का भुगतान हो, यह कोशिश रहनी चाहिए। इस दौरान जिला कलक्टर सत्यानी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की



। इस दौरान मौजूद प्रधान दीपचंद राहड़ ने पंचायत समिति क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से जिला कलक्टर को अवगत करवाया और कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुसार ब्लॉक में पौधरोपण किया जा रहा है। पंचायत समिति विकास अधिकारी महेंद्र भार्गव ने विभिन्न योजनाओं में अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस दौरान एडीपीआर कुमार अजय, सहायक विकास अधिकारी सोहन लाल धायल, सहायक लेखाधिकारी भंवर सिंह महला, गुगनराम तेतरवाल, एपीआरओ मनीष कुमार, जेटीए अनीता धूत, प्रियंका, सुमित सिहाग, बबीता, नरेगा एमआईएस मैनेजर अशोक पूनिया, कैशियर कनकराज कस्वां सहित संबंधित अधिकारी-कार्मिक मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया दोस्त ने किया नाबालिग से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शिवदासपुरा थाना इलाके में एक सोशल मीडिया दोस्त द्वारा नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि शिवदासपुरा निवासी 16 वर्षीय लड़की के पिता ने मामला दर्ज करवाया कि दिसम्बर-2023 में इंस्टाग्राम पर दीपक शर्मा नाम के लड़के ने नाबालिग बेटी को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। कुछ दिनों बाद नाबालिग बेटी ने फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेपट कर ली। इंस्टाग्राम पर मैसेज से आरोपी दीपक बातचीत करने लगा। बातचीत कर आरोपी दीपक ने नाबालिग से दोस्ती कर ली। मिलने के बहाने आरोपी ने नाबालिग लड़की को बुलाया। मिलने जाने पर आरोपी ने अपने दोस्त के पीजी पर ले जाकर उसके साथ रेप किया। दुष्कर्म के दौरान उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर दो-तीन बार बुलाकर देहशोषण किया। उसके बाद अश्लील वीडियो को वायरल कर दिया। रिश्तेदारों तक अश्लील वीडियो पहुंचने पर नाबालिग बेटी से दरिंदगी का पता चला।

परिजनों के पूछने पर नाबालिग के आपबीती बताने पर थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पोक्सो और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र द्वारा रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र द्वारा मंगलवार को हंसा मैरिज हॉल में रक्षाबंधन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राज योगिनी चंद्रकला बहन ने रक्षाबंधन के महत्व को समझाते हुए कहा कि रक्षा सूत्र पवित्रता का प्रतीक है। यह उत्सव उन आत्माओं के लिए है, जो परमात्मा से जुड़कर पवित्रता का वरदान प्राप्त करती हैं। पौराणिक कथाओं में भी इस त्योहार का विशेष महत्व बताया गया है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा इस धरती पर स्वर्ग लाने का जो संकल्प लिया गया है वह अवश्य ही पूरा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि रक्षाबंधन केवल धागा बांधने का त्योहार नहीं है, बल्कि मन की पवित्रता को धारण करके सच्चे रक्षाबंधन का उत्सव मनाना चाहिए। जब मन पवित्र होता है तो अन्य बुराइयां स्वत: ही दूर हो जाती हैं।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत दुपट्टा पहनाकर, तिलक लगाकर, और गुलदस्ता भेंट कर किया गया। भाजपा नेता शंकर लाल कसाना और प्रमुख समाजसेवी एडवोकेट अशोक बंसल ने भी इस अवसर पर अपने विचार



व्यक्त किए।इस दौरान बाबा को भोग लगाया गया और उपस्थित सभी माता-बहनों और भाइयों को रक्षा सूत्र बांधा गया। इस भव्य आयोजन में संस्था से जुड़े हजारों भाई-बहन उपस्थित थे।

# क्लब के बाहर युवती से छेड़छाड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अशोक नगर थाना इलाके में एक क्लब के बाहर युवती से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। तीन-चार बदमाश मारपीट कर जबरन हाथ में लगा बैग छीन ले गए। विरोध करने पर छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल गणेश नारायण ने बताया कि शास्त्री नगर नवासी 23 वर्षीय एक युवती ने मामला दर्ज करवाया कि 11 अगस्त की रात वह मालवीय मार्ग सी-स्कीम स्थित रोसो क्लब आई थी। रात करीब 12 बजे क्लब से बाहर आने पर तीन-चार अनजान लड़कों ने उसके साथ गंदी भाषा का यूज किया। गाली-गलौच कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।


**विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर**

राजीव गांधी शिक्षा संकुल जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर-302017 ईमेल Vsu.jaipur@rajasthan.gov.in वेब साईट www.vsuraj.ac.in

क्रमांक :- 2732 | दिनांक :- 12/08/2024

**ई-बोली आमंत्रण सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता संस्था/एजेन्सी से मैनपावर सेवाऐं (अनुमानित लागत राशि रूपये 22.00 लाख एक वर्ष के लिए) उपलब्ध करवाने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट माध्यम से ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित विवरण/शर्तें वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://www.vsuraj.ac.in पर देखी जा सकती है तथा बोली प्रपत्र इन्हीं वेबसाईट से नियत तिथि से डाउनलोड किया जा सकता है।

UBIN No.: VSU2425SLRC00003

राज.संवाद/सी/24/3709

कुलसचिव


# अवैध चल रहे कोचिंग संस्थान-लाइब्रेरी सीज

## पांच को नगर पिरषद की टीम ने दिया नोटिस

## आगे भी चलती रहेगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** अवैध रूप से शहर में चल रहे कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरी पर नगर पिरषद ने शिकंजा कसना शुरू कर दया है। नगर पिरषद की टीम ने मंगलवार को निरीक्षण के बाद 2 लाइब्रेरी व कोचिंग संस्थान को सीज कर दिया और पांच को नोटिस दिया गया है। नगर पिरषद आयुक्त ममता नागर ने बताया कि नई दिल्ली और जयुपर के बेसमेंट में हुए हादसे से सबक लेकर एहतियात के तौर पर शहर में भी अभियान चलाया गया है। पिरष्द के राजस्व अधिकारी राजपाल बुनकर के नेतृत्व में टीम का गठन कर शहर में कुकरमुत्ते की तरह उग आए कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरी की जांच कराना शुरू किया। इसी के तहत मंगलवार को भी शहर में उपरोक्त कार्रवाई की गई।

ममता नागर ने बताया कि उक्त कार्रवाई आगामी दिनों में भी होगी। उन्होंने कहा कि नियमानुसार लाइब्रेरी व कोचिंग संस्थान चलने चाहिए। बच्चों की सुरक्षा-स्वास्थ्य प्राथमिकता होनी चाहिए।

## भारी बारिश के कारण पांडुपोल जाने का रास्ता बंद : सरिस्का प्रशासन ने दोनों गेट बंद किए, हादसे का अंदेशा; एडवाइजरी जारी की, 7 दिन सरिस्का बंद

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** भारी बारिश के कारण सरिस्का में मंगलवार को एंट्री नहीं है। पांडूपोल हनुमान मंदिर भी नहीं जा सकते। मंगलवार व शनिवार को पांडूपोल हनुमान मंदिर जाने की अनुमति रहती है। लेकिन इस बार मंगलवार को प्रवेश पर रोक लगा दी है। जिसके कारण टहला व सरिस्का के सदर गेट से सैकड़ों पर्यटकों को वापस लौटना पड़ा है। वहीं वन विभाग ने आगामी 7 दिन तक 19 अगस्त तक सरिस्का सहित अन्य अभ्यारण्य बंद कर दिए हैं।

### भारी बारिश के कारण रास्ते बंद

डीएफओ राजेंद्र कुमार हुड्डा ने बताया कि बाघ परियोजना सरिस्का में स्थित पांडुपोल हनुमान मंदिर जाने वाले रास्ता भारी बारिश के कारण जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। अभी भी वर्षा का अलर्ट है। रास्ते में कई जगह पेड़ गिर गए हैं और रास्ते में आने वाले नदी व नलों में पानी का अत्यधिक प्रवाह हो रहा है। जिससे कारण पांडुपोल जाने वाला रास्ता बेहद खराब हो गया है। पांडुपोल जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटने की आशंका है । इस कारण मंगलवार को पांडुपोल जाने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को बंद किया गया है। आमजन से अपील की है कि उक्त परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए ना तों स्वयं पांडुपोल मंदिर जाएं ने अपने परिवारजनों को जाने दें। इस रूट पर पानी का बहाव कई जगह तेज है। जिससे कुछ भी घटना होने का डर है।

## खुद भी सुरक्षित रहें औरों को भी सुरक्षित रखें, पुलिस का सहयोग करें और एक अच्छे नागरिक की भूमिका निभाएं :पुलिस अधीक्षक शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने आगामी दिनों में होने वाली छुट्टियां और बरसाती मौसम के मध्य नजर आमजन से निवेदन और आह्वान किया है कि वह अपनी जान जोखिम में डालकर बरसाती बहाव क्षेत्र नदी नालों और झरनों में खड़े होकर रील ना बनाएं ना ही सेल्फी लें। इसके साथ ही तेज बारिश के मौसम में सुरक्षित स्थानों पर रहे। पर्यटन स्थलों पर भीड़भाड़ ना करें क्योंकि तेज बहाव में जनहानि होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में पुलिस द्वारा जगह-जगह पर सूचना और चेतावनी बोर्ड भी लगाए हैं आमजन से अपील है कि चार दिन की छुट्टियों में आप सुरक्षित रहे और पुलिस का सहयोग करें। आगामी 15 अगस्त से 19 तक पड़ रही छुट्टियों में नदी नालों से दूर रहे व प्रतिबंधित क्षेत्र में ना जाएं।

# स्वाधीनता दिवस से पूर्व शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

## हर घर तिरंगा फहराने का दिया संदेश, स्कूली बच्चों के साथ शहरवासियों और अधिकारियो ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर ( नि.स. )।** शहर में मंगलवार को देश के स्वाधीनता दिवस से पूर्व हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। शहर के अंबेडकर पार्क से शुरू हुई यह तिरंगा यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए पंचायत समिति परिसर पहुंची जहां इसका समापन किया गया। हर घर तिरंगा रैली के संयोजक भूरा परमार रहे तिरंगा यात्रा में सभी विभागों के अधिकारी और स्कूली छात्र-छात्रा अपने प्यारे तिरंगा झंडे के साथ कदम से कदम मिलाकर चले और भारत माता के जमकर जयकारे लगाए। पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ एमके सिंह ने बताया कि स्वाधीनता दिवस से पूर्व देश में चलाई जा रही हर घर तिरंगा अभियान के तहत यह आयोजन किया गया है। इससे आमजन में स्पिरिट आफ तिरंगा विकसित हो साथ में स्वाधीनता दिवस से पूर्व लोगों में उन बहादुर वीर शहीद सैनिकों के प्रति श्रद्धा का भाव पैदा हो। जिन्होंने अपने देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर कर दिए।

गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य विनोद शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को उत्सव की तरह मानने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे राष्ट्रीय ध्वज की प्रति लोगों में गौरव की भावना का संचार हो सके और हर व्यक्ति अपने घर में शान से 15 अगस्त को तिरंगा लहराये। तिरंगा यात्रा में स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया है जिसमें एनएसएस और स्काउट भी शामिल है। तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि समाजसेवी राघवेंद्र सिंह परमार ने बताया कि देश की आन-बान और शान तिरंगा को जब वे हाथों में लेते हैं तो गौरव का क्षण होता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आव्हान किया है कि हमें हर घर तिरंगा लगाना है। उससे पूर्व हमें यात्रा निकालकर आमजन को जागरूक करना है कि वह अपने देश के स्वाधीनता दिवस को एक त्यौहार के रूप में मनाए और अमर वीर बलिदानियों को याद करें। तिरंगा यात्रा के दौरान डॉक्टर शिवदयाल मंगल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, भाजपा की महिलाऔ मे वंदना शिवहरे, रोशनी शिवहरे संध्या शर्मा मौसना पठान, सतीश यादव , दिनेश गुर्जर सलोनी परमार भूरा परमार ऋषभ शर्मा,विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री बैद्य गिरीश शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष डॉ जितेंद्र गुलपारिया, हिंदू जागरण के अंजनी पाराशर, काजल परमार, बीजेपी के नगर अध्यक्ष दिनेश मामा, जिला महामंत्री अनिल गोयल, राजू मीना, कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा,ट्रैफिक इंचार्ज किलेदार सिंह के साथ तमाम अधिकारी,पुलिस जाप्ता और विभिन्न स्कूलों के छात्र,शहर के गणमान्य नागरिक और युवा मौजूद रहे।

## फर्जी बैंक खोलकर लोन दिलाने के नाम पर ठगी: रेलवे पुलिस की मदद से पकड़ा गया आरोपी, करोड़ों की ठगी का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** निहालगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के जालौन जिले से ठगी करके भाग रहे एक आरोपी को रेलवे पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ निहालगंज थाने में मामला दर्ज कराया गया था। आरोपी ने फर्जी बैंक खोलकर लोन दिलाने का नाम पर ठगी की थी। थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि 8 अगस्त को उत्तर प्रदेश के रहने वाले पीड़ित रवि ने थाने पर एक रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया गया था कि फर्रुखाबाद के रहने वाले ठग अमित अग्निहोत्री (30) पुत्र सुभाष चंद्र ने धौलपुर बस स्टैंड पर उसे एक लाख रुपए का लोन दिलाने का झांसा देते हुए खुद के द्वारा बनाई गई फर्जी बैंक गो प्राइम माइक्रो केयर एसोसिएशन बघौरा उरई में खाता खुलवा दिया। जिसमें पीड़ित की पत्नी ने 10 हजार रुपए भी जमा कर दिए। लोन दिलाने के लिए आरोपी ने पीड़ित को फर्जी चेक दे दिए। जो चेक बाउंस हो गए। जैसे ही पीड़ित को उसके साथ हुई ठगी का पता लगा तो उसने थाने में मामला दर्ज कराया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने फर्जी बैंक बनाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद आरोपी उत्तर प्रदेश से ट्रेन के जरिए भाग रहा था। जिसे रेलवे थाना प्रभारी राजीव कुमार की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी से पुलिस ठगी की वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## बाड़ी रामसागर रपट पर उत्पात मचाते 6 युवक गिरफ्तार

### पूर्व में जारी की थी एसपी ने चेतावनी, बारिश के चलते बांधों पर पानी का हुआ ओवरफ्लो

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** बाड़ी के सदर थाना क्षेत्र के रामसागर बांध की रपट पर उत्पात मचाते 6 युवाओं को सदर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए युवाओं के खिलाफ धारा 126/170 बीएनएसएस में कार्रवाई की है। युवाओं पर आरोप है कि वे बांध की रपट पर पुलिस की एडवाइजरी जारी करने के बावजूद भी उत्पात मचा रहे थे इससे कोई भी दुर्घटना या हादसा हो सकता था।सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने बारिश के दौरान जिले के सभी बांधों और नदियों पर लोगों को सेल्फी लेने और बांध में कूद कर नहाने या रपट पर नहाने या उत्पात मचाने के लिए मना किया है साथ में जिले वासियों से अपील करते हुए एडवाइजरी जारी की है। ऐसे में थाना क्षेत्र के तालाबशाही, आरटी और रामसागर बांध पर पुलिस की गश्त लगाई हुई है। जहां पर सोमवार की शाम कुछ युवा घूमते हुए और नहाते हुए देखे गए। जिनको मौके पर मौजूद पुलिस जवानों ने तुरंत रपट से दूर होने की कहा और रपट पर नहाने की मना किया लेकिन पुलिस के बोलने के बावजूद भी युवा नहीं माने इन सभी युवाओं को गिरफ्तार करना पड़ा है। जिनके खिलाफ धारा 126/170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में कार्रवाई की है।

**इन युवाओं को किया गिरफ्तार :** एसएचओ विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस कांस्टेबल हेड कांस्टेबल योगेंद्र कुमार, कांस्टेबल वीरेंद्र और गाड़ी चालक बृजेश तिवारी के सहयोग से पुलिस ने रामसागर की रपट से विजय पुत्र रामवीर मीणा निवासी अमरुपुरा, रोहित मीणा पुत्र शक्ति सिंह निवासी खोरपुरा, मनमोहन पुत्र शक्ति सिंह निवासी खोरपुरा, नितिन पुत्र शक्ति सिंह निवासी खोरपुरा, राजेश पुत्र धर्मसिंह निवासी खोरपुरा और संदीप पुत्र धर्मसिंह निवासी खोरपुरा को गिरफ्तार किया है।




## विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध अधिनियम 2013 कानून की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,अलवर के निर्देश पर मंगलवार को कदम कलोनी रामबास गोविंदगढ़ में तालुका विधिक सेवा समिति गोविंदगढ़ लक्ष्मणगढ़ द्वारा राजीविका एसएचजी विष्णु,श्रीकृष्ण,नारी शक्ति एसएचजी कदम कलोनी रामबास गोविंदगढ़ कि महिलाओं के साथ विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि यह कानून कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से संरक्षण देने, रोकथाम व शिकायत निवारण के लिए बना है। यौन उत्पीड़न के कारण महिला के संविधान में निहित समानता के अधिकार (धारा 14,15) व जीवन की रक्षा व सम्मान से जीने के अधिकार (धारा 21) व व्यवसाय करने की आजादी के लिए तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण के न होने से उसके कार्य करने में बाधा को रोकने के लिए कानून है। यौन उत्पीड़न से संरक्षण व सम्मान के साथ काम करने के हक़ को सार्वभौमिक रूप से मानव अधिकार की श्रेणी में रखा गया है। यह सीडो में किये गए वादे को पूरा करने के लिए बनाया गया है।नौकरी में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष निहित या स्पष्ट वादा करके पक्षपात पूर्ण व्यवहार करना। नौकरी में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष निहित या स्पष्ट रूप से नुकसान पहुँचाने की धमकी देना। वर्तमान व भविष्य की नौकरी के संबंध में नुकसान पहुँचाने की धमकी देना।उसके कार्य में हस्तक्षेप करना या ऐसा वातावरण बनाना कि उसका कार्य करना मुशिकल हो जाए।ऐसा उपहासपूर्ण या अपमानजनक व्यवहार जो उसके स्वस्थ्य व सुरक्षा को प्रभावित करे। इस कानून के संरक्षण से महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न( निवारण,प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अनुपालन में,सभी संभावित कार्यस्थलों (सरकारी या निजी क्षेत्र) पर एक विशेष सप्ताह भर का जागरूकता कार्यक्रम के तहत विधिक जागरूकता शिविर किया। प्रबंधन या नियोक्तओं, महिला कर्मचारियों या महिला कर्मचारियों और आंतरिक समिति के सदस्यों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। तालुका विधिक सेवा समिति गोविंदगढ़ लक्ष्मणगढ़ के पैरालिगल वॉलिंटियर अनिल कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की विधिक सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

राशन कार्ड अपडेशन, श्रम कार्ड अपडेशन,आधार कार्ड एवं जन कल्याणकारी योजना के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान अरसीदा, दयावती,रीना, भारती, अनोखी, अंजू शर्मा, जमसीदा, शीला,शिमला, चंद्रवती, मिथलेश,चंदा, बिरवती,आदि महिलाएं मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 युवकों की मौत

### निभी का ताल देखने जा रहे थे दोनों, परिजनों में मचा कोहराम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर निभी का ताल देखने जा रहे दो बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल से रेफर किया गया।

जहां रास्ते में दूसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना पर अस्पताल पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के रजई का पूरा गांव के रहने वाले दो युवक पंजाब (19) पुत्र देवी प्रसाद और गजेंद्र (18) पुत्र अमर सिंह गांव से निभी का ताल देखने के लिए बाइक से गए थे। रास्ते में बाइक सवार दोनों युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने एम्बुलेंस को बुलाकर दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक गजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में गंभीर घायल हुए दूसरे युवक पंजाब सिंह को ड्यूटी डॉक्टर ने इलाज के लिए रेफर कर दिया। रेफर किए गए युवक पंजाब सिंह ने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। सड़क हादसे में दोनों युवकों की मौत होने के बाद उनके शव को जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया गया है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



## सावन के चौथे सोमवार पर भोलेनाथ का हुआ विशेष श्रृंगार

### सजी झांकी, भजन संध्या का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** सावन के चौथे सोमवार को जहां दिन भर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना का दौर चला। वहीं शाम होते ही विभिन्न मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया। भोलेनाथ का श्रृंगार हुआ और लोग बाबा की अनूठी आभा को देखने उमड़ पड़े। इस दौरान शहर के पुराना बाजार स्थित बालेश्वर महादेव मंदिर पर फूल बंगला झांकी सजाई गई और भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। बाबा बालेश्वर मंदिर के पुजारी छीतो शर्मा ने बताया कि भगवान भोलेनाथ का सावन के चौथे सोमवार को भक्त जनों और श्रद्धालुओं के सहयोग से विशेष श्रृंगार किया गया। मन्दिर में फूल बंगला झांकी सजाई गई और भोलेनाथ की आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

### देर तक हुआ भोले का जागरण

बालेश्वर मन्दिर पर भोलेनाथ की विशेष झांकी सजाए जाने के साथ भगवान भोलेनाथ का जागरण किया गया। जिसके लिए आई मंडली ने भजन और कीर्तन करते हुए भोलेनाथ को याद किया।मंदिर के श्रद्धालु विजय दीक्षित ने बताया कि वैसे तो हर सोमवार को ही मंदिर में भजन कीर्तन किए जाते हैं लेकिन सावन के चौथे सोमवार को यह विशेष आयोजन किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न स्थानों से आए गायक कलाकारों द्वारा भजन सुनाए गए।

### आजादी का अमृत महोत्सव के तहत निकाली तिरंगा रैली

## देश की अखंडता लिए हर घर फहराएं तिरंगा : हरसोलिया




बढ़ता राजस्थान

**निवाई/टोंक।** केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए उपखण्ड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया के नेतृत्व में नगरपालिका की ओर से भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में अधिकारी व कर्मचारियों सहित सैकड़ों युवा दुपहिया व चार पहिया वाहनों में सवार होकर हाथों में तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के नारे लगाए। तिरंगा रैली उपखंड कार्यालय से रवाना होकर झिलाई रोड व अहिंसा सर्किल होते हुए पुलिस थाना पहुंची। जहां उपखंड अधिकारी हरसोलिया ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों सहित रैली में शामिल सभी लोगों को तिरंगा ध्वज संहिता की शपथ दिलाई और हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। उपखंड अधिकारी हरसोलिया ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रमों से देश की एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना जाग्रत होती है।

इस दौरान अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, तहसीलदार नरेश गुर्जर, विकास अधिकारी सुनिलकुमार वर्मा, थानाधिकारी हरिराम वर्मा, राजस्व निरीक्षक मनीष गौर, सहायक अभियंता चंद्रप्रकाश मीणा, कनिष्ठ अभियंता पप्पूलाल मीणा, राजप्रताप सिंह राणावत, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी रजत बेनीवाल, कनिष्ठ अभियंता निशांक जैन, कौशल शर्मा, कमलेश बैरवा, पूनम शर्मा, सुरभि गौतम व प्रभारी कोमल सैनी सहित नगरपालिका के कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा हर घर तिरंगा अभियान व विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र, नशा मुक्ति अभियान के तहत तिरंगा व नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्वयंसेवकों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

नशा मुक्ति प्रभारी डॉ. राजेशकुमार मीना ने वंदे मातरम व भारत माता की जय जैसे जोशपूर्ण नारे लगाते हुए देशभक्ति की भावना का परिचय देते हुए राष्ट्र ध्वज का सदैव सम्मान करने का संकल्प लिया।



## देश प्रेम और योगा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** 15 अगस्त को देश की आजादी का महा पर्व स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा इस मौके पर योगा बूम सेंटर पर योगा करने वाली महिलाओं ने तिरंगे के रूप में योग किया । सारिका अग्रवाल ने बताया कि देशभक्ति का जज्बा और देशभक्ति का प्रेम हमारी रगों में रहे इसके लिए पूरे देश में इस महापर्व को हर व्यक्ति धूमधाम के साथ मनाता है हम योगा करने वाली महिलाओं ने तीन रंगों की टीशर्ट पहनकर आज योग किया और देशभक्ति का पर्व मनाया । इस योगा बूम केंद्र की प्रशिक्षक डिम्पल सैनी सारिका, रिया, अर्चना, शालू, प्रीति, अंजू, प्रियंका, वैशाली, शीतल आदि महिलाए शामिल हुई।

## महज़ 45 मिनिट के अंदर रोटरी क्लब अलवर फोर्ट और इण्डियन आर्मी ने 500 पेड़ लगाये

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रोटरी क्लब अलवर फोर्ट ने इण्डियन आर्मी के साथ मिलकर 500 विभिन्न प्रकार के पौधे ईटाराना छावनी में लगाये जिसमें 300 से ज्यादा जवान शामिल हुए साथ में ब्रिगेडियर सुखबीर सिंह , सेना मेडल बार कर्नल प्रशांत कुमार (लोंगेवाला ब्रिगेड) शामिल हुए और रोटरी क्लब अलवर फोर्ट से अध्यक्ष अर्पित विजय , सचिव मृणाल गागल, कोषाध्यक्ष अमित जैन ,असिस्टेंट गवर्नर मधुर अग्रवाल , अनुज महावर , पीयूष जैन , भास्कर मोदी यतेंदर अग्रवाल , कृष्ण पाल सिंह मौजूद थे।

# हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत बुधवार को होंगे विविध कार्यक्रम

## मंगलवार को भी अभियान के तहत रानीजी की बावड़ी पर हुए कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन की ओर से राजस्थानी लोक कलाकारों ने मंगलवार को रानी जी की बावडी में नृत्यों से लोगो का मन मोह लिया । बाड़मेर से आये कलाकारों ने धरती धोरा री ... घुमर व निम्बूडा निम्बूडा पर नृत्य किये । कलाकारो ने आओनी पधारो म्हारे देश लोकगीत से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी ने बताया कि अभियान के तहत 14 अगस्त को सुबह 9 बजे हायर सेकंडरी स्कूल में कालबेलिया लोकनृत्य व कच्छी घोड़ी , 10 बजे नागर सागर कुंड पर शहनाई वादन व राजस्थानी लोकनृत्य , दोपहर 2 बजे रानीजी की बावडी पर सहरिया, चकरी व राजस्थान लोक गायन होगा। उन्होंने बताया कि शाम 5 बजे खेल संकुल में कच्छी घोड़ी नृत्य, शाम 5 बजे नवल सागर में सहरिया, चकरी व राजस्थानी लोक गायन, शाम 7 बजे पुलिस ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा अन्य प्रस्तुतियों में सुबह 10 बजे सुखमहल में मशक वादन एवं दोपहर 12 बजे 84 खम्भों की छतरी में कच्ची घोड़ी व बैल नृत्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# विशेष प्रदर्शनी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** डिस्ट्रिक्ट लीड बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, चित्तौड़गढ़ द्वारा एल.बी.एस. सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल, प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़ में 13 से 15 अगस्त 2024 तक, सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक, एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अखंड भारत के बंटवारे से प्रभावित लोगों की वेदना से अवगत कराना है। देश के विभाजन की पीड़ा को भुलाया नहीं जा सकता। जिसमे नफरत और हिंसा के कारण लाखों भाइयों और बहनों को विस्थापित होना पड़ा, और कई ने अपनी जान तक गंवा दी। उन संघर्षों और बलिदानों की स्मृति में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस% के रूप में मनाने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2021 को अपने भाषण में किया था। एल.बी.एस. सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल में दीप प्रज्वलित कर इस प्रदर्शनी का उद्घाटन महेंद्र दुडी, डीडीएम, नाबार्ड बैंक, भूपेश फतावत, प्रिंसिपल, एल.बी.एस. सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल; शंकर मीना, मुख्य प्रबंधक, बीओबी सॅती ब्रांच विक्रमसिंह पुरावत, सीनियर मैनेजर, पन्नाधाय ब्रांच, परेश टांक, एलडीएम, चित्तौड़गढ़: और संदीप भालोठिया, मार्केटिंग मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा किया गया।प्रिंसिपल भूपेश फतावत ने अपने भाषण में देश के विभाजन और उससे उत्पन्न पीड़ा पर प्रकाश डाला। एक्स एलडीएम अशोक वासवानी ने विभाजन में हताहत हुए लोगों के संघर्ष के बारे में बताया। डीडीएम महेंद्र दुडी ने विभाजन के दौरान विस्थापित और मारे गए लोगों की संख्या के बारे में जानकारी दी। सीनियर मैनेजर विक्रमसिंह पुरावत ने प्रदर्शनी के आयोजन के लिए स्कूल प्रशासन का आभार व्यक्त किया।समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, और सभी उपस्थितजन इस प्रदर्शनी से प्रेरित और भावविभोर हुए।

# अग्रवाल समाज का निशुल्क परिचय सम्मेलन 25 को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** श्री वैष्णव अग्रवाल मोमियान पंचायत द्वारा 25 अगस्त को अग्रसेन सभागार तलवंडी में निशुल्क अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक परमानन्द गर्ग व महेश मित्तल ने बताया कि प्रत्याशी सहित अभिभावक का परिचय सम्मेलन स्थल पर निशुल्क बायोडाटा से करवाया जाएगा।परिचय सम्मेलन में प्रत्याशी युवक युवती, अधिक उम्र, विधवा, विधुर, दिव्यांग, भाई – बहन तिकडी के संबंधों पर भी चर्चा मंच के माध्यम से कराई जाएगी। प्रत्याशी के निशुल्क रजिस्ट्रेशन पर निशुल्क पीडीएफ फाइल मिलेगी। संजय गोयल ने बताया कि अभी तक 103 युवक और 84 युवतियों के बायोडाटा निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक पुस्तक में प्रकाशन के लिए प्राप्त हुए हैं। निशुल्क रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि 18 अगस्त रखी गई है। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को किया गया। जिसमें संस्था के अध्यक्ष चेतन मित्तल, सचिव महेंद्र मित्तल मठवाले, संजय गोयल, गिर्राज मित्तल, दिनेश गर्ग, महिला अध्यक्ष शिखा मित्तल, सचिव सुनीता गोयल, मधु मित्तल उपस्थित थे।

# हिन्दू जागरण मंच द्वारा अखंड भारत संकल्प रैली का विधायक कृपलानी के साथ ही भाजपा पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा से किया भव्य स्वागत-अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** हिंदू जागरण मंच द्वारा 13 अगस्त, मंगलवार को हिंदू जागरण अखंड भारत संकल्प रैली एवं धर्मसभा का आयोजन किया गया। श्री ढ़ाबेश्वर महादेव से दोपहर 3 बजे जुलूस आरम्भ हुआ, जो नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो, श्री सत्यनारायण भगवान मंदिर मार्ग, नीमच रोड, रेलवे फाटक होते हुए भाजपा कार्यालय के यहां से गुजरी। जहां पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में उपस्थित सैंकड़ों भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री गब्बर सिंह अहीर, उप प्रधान जगदीश आंजना, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, जिला उपाध्यक्ष रत्नेश छाजेड़, नगर निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रदीप मोदी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.जे.एम.जैन, पारस पारख, शौकीन चपलोत, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, नीलेश मेहता, कमलेश बुनकर, ग्रामीण मण्डल महामंत्री राजेश धाकड़, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष शैलेश अहीर, महामंत्री आशीष टांक, चिराग मंत्री, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष आरती शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजापा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# कुल की फातिहा के साथ आज सूफी संत हजरत दीवाना शाह के तीन दिवसीय उर्स का समापन

## प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के 83वें तीन रोजा उर्स मे संदल पेश करने की रस्म अदा, आज होगी कुल की फातिहा

### मुख्य मजार के पट गुरुवार को आम जायरीन के दर्शन हेतु खोले जाएंगे

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी ने बताया कि बाबा हुजूर के उर्स मे देशभर से जायरीन की आवक हो रही है।जब मेहमानाने दीवान पिया को 70 फिट उंचा बुलन्द दरवाजा दूर से जगमगाता हुआ दिखाई देता है तो दिल को सुकून मयस्सर होता है।बुलन्द दरवाजा मे दाखिल होते ही इस साल बनाये गये डोम पर नजर पड़ती है।तो मुंह से यही निकलता है 'एक करामत और ये देखी वाह रे वाह दीवाना आँखो की ठण्डक बढ़ जाती है 'हर तरफ दीवाना- दीवाना की सदाऐ, आशिके दीवाना की लंगरखाने एवं दर्शन हेतु लम्बी-लम्बी कतारे,धूणा मे मस्त मलंग,औलिया मस्जिद मे इबादतो रियाजत मे मशकूल दीवाने,आयशा मस्जिद मे इबादत मे मसरूफ मस्तुरात,मैला ग्राउण्ड मे खरीदारो की भीड़ तो झूला-चकरी, डोलर व खिलोने की दूकानो पर बच्चो के साथ बड़ो का हुजूम,खुशबू से महकता हुवा आस्ताना ए आलिया मे हर शख्स अदब से चादर, इत्र,फूल पेशकर रो-रो कर अपना दुखड़ा बाबा को सुनाता हुआ और यह दिल मे है कि मैं इन्हे नही देख रहा हूँ। मगर यह तो मुझे देख रहे है।यह बाबा हुजूर के 83वें उर्स का हसीन मंजर।

बुधवार प्रात: 5.30 बजे देग का खाना वितरित होगा।कुल की महफिल 8 बजे शुरू होगी।जोहर की अजान से पहले कुल की फातिहा के साथ उर्स सम्पन्न होगा।गुरूवार को मुख्य मजार के पट आम जायरीन के दर्शन हेतु खोले जायेगें।आम जायरीन के दर्शन हेतु साल मे एक बार ही यह पट खोले जाते है।यहां 6 क्विंटल चावल,6 क्विंटल शक्कर,12 टीन देशी घी,1.5 क्विंटल सुखा मेवा सभी एक साथ देग मे डालकर पकाए जाते है।दरगाह शरीफ पर ये देग साल मे दो बार बनाई जाती है।

# गवारिया समाज का द्वितीय सम्मान समारोह सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** गवारिया समाज का द्वितीय सम्मान समारोह राजस्थान गवारिया सेवा समिति के तत्वाधान में आसावरा माता जी में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम संयोजक रमेश और कैलाश ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष गणपत केलुत ने की और मुख्य अतिथि सहकारी मंत्री गौतम दक, विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली, सरपंच अशोक रायका, मंडल अध्यक्ष भेरुलाल तथा समाज संरक्षक भंवरलाल रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री दक ने समाज के प्रतिभावान बच्चों को पुरुस्कृत किया। उन्होंने गवारिया समाज एवं प्रतिभावान बच्चों को भविष्य में हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बंसीलाल, संरक्षक भंवरलाल सहित वागड़ और मालवा क्षेत्र से सैंकड़ों समाजजन मौजूद रहे। मंच का संचालन राजेश गवारिया ने किया। सम्मान समारोह के गोपाल, चंचल, विनोद, कपिल ने अपनी कार्य क्षमताओं से समारोह को सफल बनाया।

# निंबाहेड़ा एन एस यू आई पदाधिकारी ने आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

## प्रथम वर्ष कला, वाणिज्य, एवम् विज्ञान सेक्शन बढ़ाने की एन एस यू आई पदाधिकारी ने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** निंबाहेड़ा में यहां स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रथम वर्ष कला,वाणिज्य, एवम् विज्ञान सेक्शन बढ़ाने को लेकर तथा महाविद्यालय में यहां अध्ययनरत छात्र छात्राओं की मांग को लेकर निंबाहेड़ा एन एस यू आई पदाधिकारी ने आयुक्त आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के नाम डा, भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एन एस यू आई पदाधिकारी ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 1977 में कला संकाय के साथ प्रारंभ हुआ था जिसने प्रगति करते हुए आज स्नातक स्तर पर बी ए बी कॉम एवम् बी ए सी (गणित एवम् जीव विज्ञान) तथा स्नाकोत्तर स्तर पर पांच विषयों हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र में एम ए तथा एम कॉम में ए बी एस टी कोर्सेज संचालित हो रहा है, लेकिन बी ए में अभी भी सिर्फ़ तीन सेक्शन ही स्वीकृत है।निंबाहेड़ा एन एस यू आई पदाधिकारी ने आयुक्त से मांग की है कि शीघ्र छात्र छात्राओं की मांग को ध्यान में रखते हुए बी ए दो और बी कॉम तथा बीए सी में एक सेक्शन स्वीकृत किए जावे।साथ ही एन एस यू आई पदाधिकारी ने आयुक्त को ज्ञापन के माध्यम से को जानकारी देते हुए अवगत करवाया की महाविद्यालय में बी ए प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु पिछले 10 वर्षों से एक हज़ार से भी अधिक आवेदन आते हैं, और पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय से 1500 से 1800 तक आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं। स्वीकृत सीट के लगभग पांच गुना जबकि केवल 300 का ही प्रवेश हो पाता है, तथा बी कॉम व बीएस सी में 100 सीट तथा (88+88)176 सीट होने से क़रीब बी ए में 1200 व अन्य संकायों में 500 से अधिक छात्र छात्राएं प्रवेश लेने से वंचित रह जाते हैं। आयुक्त के नाम महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपाते समय एन एस यू आई के भंवर सिंह शक्तावत, नवरत्न प्रजापत, सूरज मीणा, राघव लड्ढा, समीर मीणा, राहुल गवारिया, ब्रिजेश धाकड़, दिनेश गायरी, फरदीन खान, रेशम पुर्सवानी, चिनिषा वर्मा,हरीश,परवीन, अलशीफा मेव एवम् अर्चना अहीर सहित बड़ी संख्या में एन एस यू आई परिवार के पदाधिकारिगण उपस्थित थे।

# जिले के सबसे बड़े विद्यालय के खेल मैदान पर से अतिक्रमण हटाने को जिला प्रशासन नाकाम : एबीवीपी

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झालावाड़ द्वारा न्यू ब्लॉक स्कूल खेल मैदान पर अतिक्रमण के विरोध में आक्रोश रैली निकालकर जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** नगर मंत्री ऋषिराज सिंह ने बताया की जिले के सबसे बड़े विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालावाड़ के खेल मैदान पर लंबे समय से प्रभावशाली व राजनीतिक सरक्षण प्राप्त व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर अवेध निर्माण किया हुआ है । अवैध निर्माण और खेल मैदान का दुरुपयोग करके यह प्रभावशाली व्यक्ति अपनी निजी गतिविधियां संचालित करके खेल मैदान को अपनी आय का श्रोत बनाया हुआ है, विद्यालय प्रशासन ,विधार्थी परिषद व अन्य सामाजिक लोगो द्वारा इस विषय को लेकर जिला प्रशासन को अनेक बार अवगत करवाया जिससे बाद भी प्रशासन अतिक्रमण व अवैध निर्माण को धवस्त करने में नाकाम रहा । जिला संयोजक अंकित देव गुर्जर की अगुवाई में विधार्थी परिषद द्वारा मंगलवार को पुनः न्यू ब्लॉक स्कूल मैदान में एकत्रित होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए अतिक्रमण माफिया सावधान , अतिक्रमण ध्वस्त करो , जिला प्रशासन होश में आओ ऐसे नारे लगाते हुए आक्रोश रैली निकाल जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। विधार्थी परिषद ने अंतिम रूप से चेतावनी देते हुए तीन दिन में अतिक्रमण मुक्त व अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की मांग की गई । प्रदर्शन करने वालों में प्रांत सेवार्थ विधार्थी संयोजक योगेंद्र नागर, जिला संयोजक अंकित देव गुर्जर, पुर्व जिला संयोजक राहुल गुर्जर ,नगर मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राजावत , गरिमा मेहता , निर्मला सेन , हर्षिता छात्रसंघ उपाध्यक्ष रवि मेघवाल, छात्रसंघ अध्यक्ष आदित्य गोस्वामी , ललित नागर, राहुल गौतम , राजेश राठौर , निखिल गुर्जर , प्रकाश कुमावत ,अमित शर्मा,अर्जुन लोधा , हर्षित जैन , राहुल मेहरा ,रामसुरूप लोधा , ज्ञान पोसवाल , ऊदल गुर्जर ,आशीष नागर , सूरज लोधा , अमन नागर,

केवट लोधा ,सचिन वर्मा , आयुष मोदी , मोहित प्रताप ,यश कुमार ,, जतिन नागर आकाश नागर , रवि गौतम , रोहित गुर्जर,प्रवीण कुमार, रोहित नागर गणेश गुर्जर ,हरिओम किराड़, देवेंद्र वैष्णव , सचिन कुमार , अंकित मेघवाल , विशाल सेन ,अक्षय गुर्जर ,राजकुमार ,उत्कर्ष शर्मा , सुरेंद्र सिंह, आदि छात्र कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

### हर घर झंडा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रमो का आयोजन

# विशाल तिरंगा यात्रा में आमजन ने झूमते नाचते उत्साहपूर्वक भाग लिया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** स्वतंत्रता दिवस में अपनी सहभागिता हेतु आयोजित ''हर घर झण्डा'' कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस पर पंचायत समिति स्तरीय कार्यक्रम क्षैत्र की ग्राम पंचायत रोलिया में आयोजित किये गये।साथ ही तिरंगा रेली का रोलिया से शनिमहाराज आली तक आयोजन किया गया। विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल ने बताया कि 13 से 15 अगस्त 2024 के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।जिसके अंतर्गत मंगलवार 13 अगस्त को पंचायत समिति स्तरीय कार्यक्रम का ग्राम पंचायत रोलिया में आयोजन किया गया।जिसमें सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचंद्र चन्द्र गर्ग द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया।विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने तिरंगा एवं संविधान की शपथ दिलाई तथा केनवास पोस्टर पर देशभक्ति के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया।इसके बाद सैकड़ों दुपहिया वाहनो सहित पचास से अधिक कार,दस ट्रेक्टर व सेंकडों की संख्या में पैदल आमजन हाथों में तिरंगे लेकर नाचते-झुमते तिरंगा यात्रा में भाग लिया।उक्त तिरंगा यात्रा रोलिया से दांता,कंरूकडा,रघुनाथपुरा,उमण्ड, गुमानपुरा से शनिमहाराज आली पहुंचकर सम्पन्न हुई।इस दौरान उपखण्ड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर,तहसीलदार जगदीशचंद्र बामनिया, सहायक अभियंता फुलसिंह मीणा,सरपंच रतन नाथ,सरपंच प्रकाश चौधरी,ग्राम विकास अधिकारी विनोद ढाका,काजोल नन्दवाना,सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश जाट,सहायक विकास अधिकारी महेन्द्र चोरडीया,बीपीएम बाबुलाल कुमावत आदि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### रोटरी डिस्ट्रीक मेम्बरशिप सेमिनार सम्पन्न

# प्रांत के विभिन्न रोटरी क्लबों से 200 से अधिक रोटेरियन्स हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 का सदस्यता सेमिनार कोटा में संपन्न हुआ। जिसमें प्रांत के विभिन्न रोटरी क्लबों से 200 से अधिक रोटेरियन्स शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ प्रांतपाल राखी गुप्ता, आई.पी.डी.जी. डॉ. निर्मल कुनावत, पी.डी.जी. प्रद्युम्न कुमार पटानी ने किया। सरस्वती वंदना रोटरी क्लब कोटा साउथ के सदस्य डॉ. ऋषिका दुबे ,साक्षी मालवीय, दीपा खंडेलवाल, वृत्ति वर्मा ने की। सेमिनार के सचिव ओम प्रकाश साहनी ने बताया की सेमिनार के चेयरमैन दीपक राज दुबे ने स्वागत भाषण से सबका स्वागत किया और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। सेमिनार को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. राखी गुप्ता ने डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप चेयरमैन आईपीडीजी डॉ. निर्मल कुनावत और पीडीजी प्रद्युम्न पाटनी ने सम्बोधित किया। मेम्बरशिप सेमिनार के मुख्य वक्ता के रूप में मुंबई से पीडीजी डॉ.बालकृष्ण इनामदार और रोटरी दक्षिण एशिया कार्यालय दिल्ली से दमन बवेजा और रीति मंडल एवं पीडीएस दीपक सुखाड़िया रहे। इन्होंने रोटरी सदस्यता पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएसजी आलोक अग्रवाल, डीईसी राम गोपाल अग्रवाल, जोन कॉर्डिनेटर बीएल गुप्ता एवं एजी आनंद खंडेलवाल उपस्थित रहे। सेमिनार के दौरान डिस्ट्रिक्ट मेंटर एवं फेसिलिटेटर डॉ.अशोक गुप्ता ने क्लब सदस्यता की जानकारी वीडियो संदेश के माध्यम से दी। कार्यक्रम का संचालन आभा द्विवेदी एवं डॉ. सपना अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के अंत में सेमिनार सचिव ओम प्रकाश साहनी ने सभी गणमान्य अतिथियों व क्लब्स का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शुद्ध आहार -मिलावट पर वार अभियान

# खाद्य सुरक्षा टीम ने 30 किलो पनीर नष्ट करवाया, विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर 4 नमूने लिए

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ रवींद्र गौस्वामी के निर्देशन में मिलावटखोरी रोकने के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे है। अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि दिनाकं 13 अगस्त को प्रात: 8.30 बजे बाहर से लाए जा रहे पनीर की निगरानी के दौरान बांरा बस से पनीर उतार कर आटो द्वारा गुमानपुरा पुलिया के नीचे उतारा गया , जहां खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा लगातार पीछा कर पनीर को पकड़ा गया।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जयपुर की सड़कों पर गूंजा देशभक्ति का जश्न

# हर घर तिरंगा मैराथन सफल



- अल्बर्ट हॉल से शुरू हुई मैराथन, मुख्यमंत्री और महापौर ने दिखाई उपस्थिति
- मैराथन के बाद सफाई कर्मचारियों का सम्मान, जयपुर में देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश
- मैराथन में स्कूली बच्चों समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पार्टिसिपेट किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को तिरंगा मैराथन का आयोजन जयपुर के अल्बर्ट हॉल जेएलएन मार्ग से का आयोजन किया गया।

नगर निगम ग्रेटर की ओर से आयोजित मैराथन में स्कूली बच्चों समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पार्टिसिपेट किया। मैराथन मंगलवार सुबह 6.30 बजे शुरू किया गया। इसमें तीन अलग-अलग कैटेगरी रखी गई। पहली कैटेगरी में 21 किलोमीटर के मैराथन का आयोजन हुआ। इसे सुबह 5 बजे रवाना किया गया। दूसरी 10 किमी और तीसरी 5 किमी की कैटेगरी रखी गई। मैराथन अल्बर्ट हॉल के बाहर जेएलएन मार्ग से शुरू होकर जवाहर सर्किल होते हुए उसी जगह पर आकर समाप्त हुआ।

मैराथन में मुख्यमंत्री भजनलाल तिरंगा झंडा लेकर आगे-आगे चले। इस दौरान नगर निगम ग्रेटर जयपुर की महापौर सौम्या गुर्जर और जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा भी मौजूद रहीं। मैराथन के बाद सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इसमें वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एंकर अंकित खंडेलवाल और नगर निगम ग्रेटर के डिप्टी कमिश्नर ने सभी को



जयपुर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई।

जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि तिरंगा हमारी आजादी का प्रतीक है। इसके लिए वीर महापुरुषों ने बलिदान दिए है। आज भी हम लोग इसके लिए जान देने को तैयार रहते हैं। मैं सभी से अपील करती हूं कि देश का हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा लगाकर आजादी का जश्न मनाए।

नगर निगम ग्रेटर जयपुर की महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान आरम्भ किया है। यह समस्त देशवासियों को एक करने का प्रयास है। इससे करोड़ों देशवासी जुड़ चुके है। तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। अभी हाल ही में हमारे खिलाड़ियों ने पेरिस की धरती पर जिस तरह से



तिरंगा वहां लहराया। उसे देखकर हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज तिरंगा मैराथन को फ्लैग ऑफ किया है। वे बच्चों के साथ में उनका उत्साह बढ़ाने के लिए तिरंगा लेकर उनके साथ भी चले। इस तिरंगा मैराथन से देशवासियों में देशभक्ति का भाव जगेगा।

गौरतलब है कि जयपुर जिला कलेक्टर के आदेश पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने 4500 बच्चों को मैराथन दौड़ के लिए मंगलवार सुबह 6 बजे अलबर्ट हॉल पर बुलाया। इसके लिए 28 स्कूलों को टारगेट भी दिया गया था कि हर स्कूल से 150 से 200 बच्चे तक लाने हैं। इसमें काफी संख्या में पुलिस के जवानों को भी लगाया गया।

# प्रदेश में मानसून से हाल-बेहाल : करौली में बाढ़ जैसे हालात, लोग घरों में कैद

## जयपुर में निकली धूप; 10 जिलों में बारिश का रेड-ऑरेंज अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भारी बारिश अगले दो दिन जारी रहेगी। राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पांच में ऑरेंज अलर्ट है। इन इलाकों में 150 से 200 एमएम तक बारिश होने की संभावना है। इनके अलावा 9 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की इस चेतावनी को देखते हुए प्रशासन ने आज जयपुर, करौली, दौसा, टोंक और कोटा के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। करौली में मंगलवार सुबह भी बारिश हुई, वहीं जयपुर में कई दिनों बाद हल्की धूप खिली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने करौली जिले में आई बाढ़ का हवाई सर्वे किया।



### हिंडौन में किरोड़ी लाल ने ट्रैक्टर से किया निरीक्षण

करौली में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। कॉलोनी-मोहल्लों के रास्तों और घरों में जल भराव से लोगों को परेशानी हो रही है। लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। मंगलवार को भी करौली में बारिश हुई। सवाई माधोपुर विधायक किरोड़ीलाल मीणा ने मंगलवार को ट्रैक्टर से करौली के हिंडौन सिटी में बारिश से बिगड़े हालात का जायजा लिया।

### जयपुर, करौली और भरतपुर में हालात ज्यादा बिगड़े

बीते 48 घंटे में तेज बारिश से तीन जिले जयपुर, करौली और भरतपुर सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। मंगलवार सुबह से यहां बारिश का दौर धीमा जरूर हुआ, लेकिन हालात अब भी खराब हैं। कई कॉलोनियों में अब भी पानी भरा है।

# दोस्त की आंखों के सामने एक-एक कर 7 लड़के डूबे पिता के आने से पहले बेटे का अंतिम संस्कार; प्रत्यक्षदर्शी बोला- पहले बता दिया था आगे गड्ढा है

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर।** गांव में हर तरफ सन्नाटा पसरा है। घरों के चूल्हे ठंडे पड़े हैं। हर चेहरे पर शोक है। मातमी सन्नाटे को महिलाओं की चीखें रह-रहकर तोड़ रही हैं। अलग-अलग घरों में शोक-संवेदना जताने वालों का आना-जाना लगा है। इन्हीं सबके बीच एक तरफ कोने में गुमसुम 15 साल का जगवीर बैठा है। वो बस यही रट लगाए हुए है- हमने कहा था, आगे मत जाओ। आगे गहरा गड्ढा है। हम कहते रहे, पर किसी ने मेरी बात नहीं मानी। पलभर में मेरे सारे दोस्त मेरी आंखों के सामने डूब गए। तीन मिनट तक वो तड़पते रहे और मैं कुछ नहीं कर पाया।

### वीडियो में मस्ती करते दिख रहे

भरतपुर से करीब 45 किमी दूर बयाना के गांव श्रीनगर में 7 जवान मौतों ने सबको झकझोर कर रख दिया है। मरने वालों की उम्र 16 से 20 साल के बीच थी। इनमें से दो युवक तो शादीशुदा थे। उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं। होश संभालने से पहले ही उन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। इनकी मौत से पहले का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सभी खूब मस्ती करते दिख रहे हैं। वो इस अनहोनी से अनभिज्ञ थे कि कुछ पल बाद ही उनमें से कोई जिंदा नहीं बचने वाला।



### 11 को बाण गंगा में नहाने गए थे

11 अगस्त को बाणगंगा नदी में गांव के ही 8 लड़के नहाने गए थे। इनमें से सिर्फ एक लड़का जगवीर बचा है। पूरी घटना का जगवीर ही प्रत्यक्षदर्शी है। जगवीर के सामने ही एक-एक कर पवन जाटव (20) पुत्र उदय सिंह, सौरभ जाटव (14) पुत्र तान सिंह, भूपेंद्र जाटव (18) पुत्र दशरथ, शांतनु जाटव (18) पुत्र खेमसिंह, लक्की जाटव (20) पुत्र प्रीतम सिंह, पवन सिंह जाटव (22) पुत्र सुगनसिंह और गौरव जाटव (16) पुत्र प्रकाश पानी में समा गए। इनमें पवन, सौरभ और गौरव चचेरे भाई हैं। पवन जाटव और पवन सिंह के आठ-आठ महीने के बेटा-बेटी हैं। भूपेंद्र के पिता हादसे के दौरान पटना में थे। वे अपने बेटे का अंतिम बार चेहरा तक नहीं देख पाए।

# जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव परिणाम को चुनौती

## हाई कोर्ट में जज़ ने सुनवाई से किया इनकार, अब दूसरी बैंच में लगेगा मामला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर दायर चुनाव याचिका पर आज हाई कोर्ट में जस्टिस उमाशंकर व्यास की बैंच ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद अब मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर मामला दूसरी बैंच में लगेगा।

आज कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा की चुनाव याचिका जस्टिस उमाशंकर व्यास की बैंच में लगी थी। लेकिन जस्टिस व्यास ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। याचिका में चौपड़ा ने अदालत से वोटों की फिर से गिनती करने की मांग की हैं। याचिका में कहा गया है कि रिर्टनिंग ऑफिसर ने जो 2738 पोस्टल बैलेट खारिज़ किए। वो हमें नहीं दिखाए गए। जबकि रिप्रजेंटेशन पीपुल्स एक्ट कहता है कि खारिज़ मत पत्रों को प्रत्याशी को दिखाया जाना चाहिए। वहीं हमारी हार का अंतर खारिज मत पत्रों की संख्या से भी कम है। दरअसल, लोकसभा चुनावों में जयपुर ग्रामीण से बीजेपी प्रत्याशी राव राजेन्द्र 1615 वोटो से विजयी हुए थे।

# सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के खिलाफ अवमानना केस बंद किया

## रामदेव-बालकृष्ण की माफी मंजूर की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पतंजलि आयुर्वेद और योग गुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ अदालत की अवमानना का केस बंद कर दिया है। कोर्ट ने दोनों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए कुछ भी करते हैं, जैसा कि पहले हुआ था, तो कोर्ट कड़ी सजा देगा। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने मंगलवार (13 अगस्त) को फैसला सुनाया। 14 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# जम्मू-कश्मीर में 20 अगस्त तक चुनाव का ऐलान संभव

## अक्टूबर-नवंबर में 6 फेज में वोटिंग हो सकती है



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान 20 अगस्त तक हो सकता है। माना जा रहा है कि अक्टूबर से लेकर नवंबर के पहले हफ्ते के बीच 6 फेज में वोटिंग होगी। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद ये पहला विधानसभा चुनाव होगा।

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए चुनाव आयोग 14 अगस्त को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के साथ बैठक करेगा। 9 अगस्त को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपनी टीम के साथ जम्मू-कश्मीर का दौरा किया था।

उन्होंने कहा था कि आयोग यहां जल्द से जल्द चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कोई भी बाहरी और आंतरिक ताकत चुनावी प्रक्रिया को पटरी से नहीं उतार सकती। जम्मू-कश्मीर के लोग देश को तोड़ने वालीं ताकतों को करारा जवाब देंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया था जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने का निर्देश

11 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट का ये निर्देश जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसले का हिस्सा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा जितना जल्दी हो सके दिया जाए और वहां पर चुनाव कराए जाएं। जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द स्टेटहुड वापस किया जाए। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था।

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा था- पहले परिसीमन फिर विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने 11 अगस्त को कहा था- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा था कि पहले परिसीमन होगा, फिर विधानसभा चुनाव और फिर उचित समय पर राज्य का दर्जा मिलेगा। सारी चीजें उसी क्रम में चल रही हैं। उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी 20 जून को श्रीनगर आए थे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 [M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 [M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)